卐 श्री सदगुरु देवाय नमः 卐 卐 ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐
उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः । आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम् ।
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् । वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये ।
केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त
हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 24 ♦अंक 336 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦18 सितम्बर 2024 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## 90 लाख की स्मैक सहित तस्कर दबोचा



रूद्रपुर(उद संवाददाता)। नशा तस्करों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत एसटीएफ की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स कुमांऊ यूनिट को एक बार फिर बड़ी कामयाबी मिली है। टीम ने सटीक सूचना पर किच्छा क्षेत्र से 323 ग्राम स्मैक के साथ एक तस्कर को दबोच लिया। पकड़ी गयी स्मैक की कीमत 90 लाख रूपये आंकी गयी है। ड्रग्स फ्री देवभूमि अभियान के तहत वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत भुल्लर ने निर्देश पर नशा तस्करों द्वारा चलाये जा रहे अभियान में सीओ एसटीएफ कुमाऊँ आर बी. चमोला एवं प्रभारी निरीक्षक एसटीएफ एंटी नारकोटिक्स कुमाऊं यूनिट पावन स्वरुप के नेतृत्व में मंगलवार देर शाम को एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने थाना किच्छा क्षेत्र में स्थानीय पुलिस को साथ लेकर संयुक्त कार्यवाही करते हुए दरऊ रोड पर मोक्ष द्वार पुराना ईट भट्टा के सामने से एक बाइक सवार हामीद रजा पुत्र अहमद रजा निवासी वीर सावरकर नगर, ढेला पीर थाना इज्जतनगर बरेली को करीब 323 ग्राम स्मैक के साथ गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि बरामद की गयी स्मैक को वह उत्तर प्रदेश के बरेली से लेकर आया था। जिसको रुद्रपुर में बेचने जा रहा था। पूछताछ में अन्य कई ड्रग्स तस्करों के नाम के भी खुलासे हुए हैं जिनके खिलाफ कार्यवाही की तैयारी की जा रही है। पकड़े गये तस्कर ने पूछताछ में बताया कि वह विगत 2 सालों से बरेली, मीरगंज से स्मैक लाकर रुद्रपुर, सितारगंज, किच्छा क्षेत्र में अपने फिक्स एजेण्टों को सप्लाई कर रहा था। पुलिस टीम में (शेष पृष्ठ सात पर)

## मौलवी के खिलाफ छेड़छाड़ की शिकायत की रंजिश में परिवार पर हमला,चार गंभीर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। ग्राम मल्सी में बीत दिनों बालिकाओं के साथ छेड़छाड़ करने वाले ईमाम के खिलाफ पुलिस में शिकायत करने वाले परिवार पर मंगलवार रात गांव के ही कुछ लोगों ने लाठी डण्डों और धारदार हथियारों से लैस होकर हमला कर दिया। जिससे परिवार के लोग घायल हो गये। चार लोगों की हालत गंभीर बताई जा रही है। मामले में तहरीर मिलने के बाद पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास शुरू कर दिये हैं। पुलिस को दी तहरीर में ग्राम मल्सी निवासी मोहम्मद हसन पुत्र मेंहदी हसन ने बताया कि करीब एक माह पूर्व मल्सी में नूरी मस्जिद के ईमाम द्वारा गाँव की कुछ नाबालिग लड़कियों के साथ गलत हरकत की गयी थी। जिसकी शिकायत पुलिस से की गयी और उसके बाद ईमाम को जेल भेज दिया गया था। आरोप है कि ईमाम के जेल जाने के पश्चात गाँव के कबीर अहमद पुत्र सकूर अहमद, खुर्शीद अहमद पुत्र रसीद अहमद,यूसुफ अंसारी व अन्य लोग मेरे परिवार को धमकाने लगे कि तुमने मौलवी को गलत जेल भिजवाया है। उक्त लोग आते जाते गाली गलौज व धमकाने लगे। इसी रंजिश में मंगलवार रात करीब आठ बजे रात्रि कबीर अहमद,खुर्शीद अहमद यूसुफ अहमद,अरबाज (शेष पृष्ठ सात पर)

## नशे में धुत मिले सिपाही को एसएसपी ने किया निलंबित

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में सड़क पर नशे में धुत मिले सिपाही का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद एसएसपी ने संज्ञान लेते हुए सिपाही को सस्पेंड कर दिया है। मामले की जांच सर्किल अधिकारी को सौंपी गई है। दरअसल, सोशल मीडिया में एक वीडियो तेजी के साथ वायरल हो रहा है। जिसमें अटरिया रोड पर एक गली में वर्दी पहने सिपाही नाली के किनारे बेसुध पड़ा नजर आ रहा है। किसी ने वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। वीडियो में बेसुध सिपाही सड़क किनारे नशे में धुत होकर लेटा दिख (शेष पृष्ठ सात पर)

## कांग्रेसियों ने फूंका भाजपा सरकार का पुतला

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। भाजपा के सहयोगी दल के विधायक के विधायक संजय गायकवाड़ एवं केन्द्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा के कुछ नेताओं द्वारा कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के खिलाफ की गयी आपत्तिजनक और हिंसक बयानबाजी के खिलाफ कांग्रेसी भड़क उठे। उन्होंने डीडी चौक पर विरोध प्रदर्शन के बीच केन्द्र सरकार पुतला फूंका और राहुल गांधी के खिलाफ अमर्यादित बयान देने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। विरोध प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस नेताओं ने कहा कि विधायक



संजय गायकवाड़ एवं रवनीत सिंह बिट्टू ने राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दी है, यही नहीं उत्तर प्रदेश के एक मंत्री और दिल्ली के एक पूर्व विधायक ने भी राहुल गांधी के खिलाफ हिंसक और अशिष्ट बयान दिये हैं। इसमें भाजपा की साजिश नजर आ रही है। कांग्रेस नेताओं ने गांधी परिवार देश का इकलौता ऐसा परिवार है जिसने दो दो हत्याओं का दंश झेला है। अब पार्टी के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी की जान को भी खतरा है। कहा कि भाजपा के सहयोगी दल शिव सेना शिंदे गुट के विधायक संजय गायकवाड़ ने कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की जीभ काटने पर इनाम की घोषणा की है। भाजपा शासित उत्तर प्रदेश के एक मंत्री राहुल गांधी को आतंकवादी कह रहे हैं। यही नहीं दिल्ली के एक भाजपा नेता एवं पूर्व विधायक भी राहुल गांधी को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। ऐसे बेलगाम नेताओं के खिलाफ सख्त से सख्त (शेष पृष्ठ सात पर)

बम्पर धमाका सेल बम्पर धमाका सेल
हर कम्पनी का माल कम्पनी से कम रेटों पर
1 से 15 सितम्बर 2024 तक
30 % से 50 % तक की भारी छूट
हॉकिन्स, युनाइटेड, प्रेस्टीज एवं पीएनबी के कूकर पर 45% तक विशेष छूट
बोरोसिल,मिल्टन सहित कई कम्पनियों की बोटल्स, कप-प्लेट सहित क्राकरी के सामान पर भारी छूट
हर प्रकार की खरीदारी पर भारी छूट पायें,जल्दी आये और लाभ उठायें
आपके शहर की सबसे पुरानी दुकान
1975 से आपकी सेवा में अब नये पते पर
तीन मंजिल शो रूम में पहुंच गई है।
नया पता याद रखें-
गोल्डन एजेन्सीज
178,सिद्धू पैलेस वाली गली,आवास विकास,रूद्रपुर

## ई-रिक्शा और बाइक की भिड़ंत में बाइक सवार की मौत

गदरपुर(उद संवाददाता)। थाना क्षेत्र में मजरा शीला पावर हाउस के पास ई रिक्शा और बाइक की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की करवाई की। गदरपुर थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग से लिंक रोड मजरा शिला पावर हाउस के पास सकेनिया गदरपुर मार्ग पर उत्तर प्रदेश वेवकता गाव निवासी उत्तराखंड बॉर्डर के पास दूध विक्रेता 58 वर्षीय रजनीश पुत्र राझाराम गदरपुर से सकेनिया की ओर बाइक संख्या यूके 06एम 9064 से अपने घर जा रहा था। इसी बीच एक ई रिक्शा सामान से भरे सकेनिया की ओर से गदरपुर जा रहा था। दोनों की मजरा शीला पावर हाउस के पास आमने-सामने की टक्कर हो गई। जिससे बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पुलिस ने घायल बाइक सवार को गदरपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने घायल बाइक सवार युवक को मृत घोषित कर दिया। थाने के उप निरीक्षक कपिल कंबोज अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे और मृतक के परिजनों को सूचना (शेष पृष्ठ सात पर)

## वेतन नहीं मिलने पर वन निगम कर्मकारों का प्रदर्शन

हल्द्वानी(उद संवाददाता)। पूर्व दर्जा राज्यमंत्री हरीश पनेरु के नेतृत्व में वन विकास निगम कर्मकारों ने पिछले मार्च माह से लेकर आज तक का वेतन नहीं मिलने पर



वन विकास निगम के महाप्रबंधक कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया और महाप्रबंधक का घेराव कर शीघ्र वेतन जारी करने की मांग की। मांगों (शेष पृष्ठ सात पर)

# चुनावों के पहले सीएम धामी का 'मास्टर स्ट्रोक'

**बिजली बिलों में पचास प्रतिशत की सब्सिडी देकर विपक्ष के महंगी बिजली के मुद्दे की निकाली हवा, बिजली बिल में राहत देकर सूबे की आधी आबादी को साधा, नगर निकाय ,पंचायत एवं केदारनाथ चुनाव भुनाने की तैयारी**

-अर्श-

रूद्रपुर। सूबे के मुखिया पुष्कर सिंह धामी ने अपने जन्मदिन के मौके पर एक बड़ा मास्टर स्ट्रोक खेलते हुए एक तीर से कई निशाने साधे हैं।सीएम धामी ने बड़ी ही चतुराई से भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर अक्सर किए जाने वाले फ्रीबीज के विरोध की जगह बरकरार रखते हुए, राज्य की जनता को जहां सस्ती बिजली की सौगात देकर उत्तराखंड की आधी आबादी को साधने की कोशिश की है ,वहीं विपक्ष से महंगी बिजली का मुद्दा भी छीन लिया है। उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ समय से विपक्ष महंगी बिजली को लेकर लगातार सरकार की घेराबंदी लगातार करता चला आ रहा है। विपक्ष द्वारा महंगी बिजली को लेकर सड़क से लेकर सदन तक समय-समय पर हमले किए जा रहे थे। इन चौतरफा हमलों की काट के रूप में अब सरकार ने बिजली बिलों में सीधे पचास प्रतिशत सब्सिडी का लाभ देने का ऐलान कर दिया है। पचास प्रतिशत सब्सिडी के लाभ के इस दायरे में आम लोगों को अधिक से अधिक शामिल करने की कोशिश की गई है। यही वो वर्ग है, जो मतदान में सबसे अधिक बढ़चढ़ कर भाग लेता है और आमतौर पर भाजपा का वोटर माना जाता है। एक अनुमान के मुताबिक मुख्यमंत्री धामी के बिजली बिल में पचास प्रतिशत



सब्सिडी देने की घोषणा का लाभ उत्तराखंड के तकरीबन 11।50 लाख बिजली उपभोक्ताओं को सीधे तौर पर मिलेगा। सियासी जानकारों का मानना है की सस्ती बिजली की यह सौगात भाजपा के लिए गेम चेंजर साबित हो सकती है और भाजपा इसे उत्तराखंड में प्रस्तावित निकाय नगर निकाय एवं पंचायत चुनाव के साथ-साथ केदारनाथ विधानसभा उपचुनाव में भी जमकर भुनाएगी। हालांकि मुख्यमंत्री की बिजली के बिल में पचास प्रतिशत सब्सिडी देने की घोषणा में एक पेंच भी है ,जिसके चलते उपभोक्ताओं का एक बड़ा वर्ग सरकारी सब्सिडी से वंचित हो सकता है ।गौर तलब है कि मुख्यमंत्री की सब्सिडी की घोषणा में राज्य के मैदानी क्षेत्र एवं सामान्य इलाकों में 100 यूनिट तक और उच्च हिमालयी क्षेत्रों में 200 यूनिट बिजली खर्च करने वाले उपभोक्ताओं को समाहित किया गया है, साथ ही बिजली बिल में छूट की सुविधा केवल एक किलोवाट तक विद्युत भार वाले उपभोक्ताओं को ही मिलेगी। दूसरे शब्दों में कहे तो सरकार की ताजा सब्सिडी योजना का लाभ केवल उन्हीं उपभोक्ताओं को मिलेगा ,जो निर्धारित यूनिट ( मैदानी क्षेत्र में 100 यूनिट तथा पहाड़ी क्षेत्र में 200 यूनिट )तक ही बिजली का उपभोग (शेष पृष्ठ 7 पर)

# डीएम ने किया चीनी मिल का निरीक्षण

सितारगंज(उद संवाददाता)।गन्ना पेराई से पूर्व चीनी मिल जे जी एन शुगर एंड बायोफ्यूल्स प्रा. लि.सितारगंज की तैयारियों को जांचने के लिए अधिकारियों के साथ जिलाधिकारी उदय राज सिंह सितारगंज पहुंचे। उन्होंने कहा गन्ना पेराई सीजन जल्द शुरू होने वाला है इसलिए सारी तैयारियां पूरी कर ली जाये। प्रबंध निदेशक चीनी मिल आदित्य झाजी ने बताया कि चीनी मिल का मॉडनाइजेसन , मेंटेनेंस व सफाई कार्य पूर्ण हो चुका है मिल गन्ना पेराई के लिए तैयार है। उन्होंने बताया कि गत वर्ष गन्ना किसानों का भुगतान 14 दिनो के भीतर कर दिया गया था, इस वर्ष चीनी मिल द्वारा किसानों को गन्ना देते ही उनके खाते में भुगतान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि मिल मै चीनी के साथ ही एथेनॉल भी बनाया जायेगा । मिल में बगास से विधुत उत्पादन किया जाएगा मिल में विधुत उपयोग कर अवशेष विद्युत ग्रिड को दिया जाएगा। जलाधिकारी ने गन्ना अधिकारी को क्षेत्र में गन्ना उत्पादन की जांच करने के साथ ही गन्ना रकबा बड़ाने हेतु किसानों को प्रेरित करने के निर्देश दिए। गन्ना अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष क्षेत्र में किसानों द्वारा 6300 हेक्टेयर में गन्ना बोया गया है। जिलाधिकारी ने गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों एवम उनकी जोत का डाटा एकत्र करते हुए और किसानों को भी गन्ना उत्पादन करने के लिए प्रेरित करने तथा जो किसान गन्ना उत्पादन कर रहे हैं उन किसानों को रकबा बड़ाने के लिए प्रेरित किया जाए ताकि गन्ना रकबा 10,000 हेक्टेयर किया जा सके। उन्होंने सितारगंज क्षेत्र मै गन्ना शोध केंद्र हेतु भूमि तलासने के निर्देश भी दिए। निरीक्षण दौरान अपर जिलाधिकारी पंकज उपाध्याय, एसडीएम रविन्द्र जुआठा, कौसतुभ मिश्र, तहसीलदार पूजा शर्मा, सीओ बहादुर सिंह चौहान, गन्ना अधिकारी आशीष नेगी आदि मौजूद थे।



# जन संवाद में बेहड़ ने सुनी लोगों की समस्याएं

किच्छा(उद संवाददाता)। विधायक तिलक राज बेहड ने जनता संवाद के तहत किच्छा आवास विकास स्थित कार्यालय पर तमाम क्षेत्रवासियों से मुलाकात की व क्षेत्रवासियों ने अपनी-अपनी समस्याएं विधायक बेहड़ के समक्ष रखी। जिस पर विधायक बेहड ने उनकी समस्याओं का संज्ञान लेते हुए उसके निदान के आदेश पारित किए। इस दौरान धौराडाम से पूर्व प्रधान सुरजीत सिंह, गुरमीत सिंह, भगवान सिंह,प्रेम सिंह,लक्ष्मण सिंह,रमेश सिंह,चरण सिंह,दीवान सिंह,देशराज आदि ने विधायक बेहड को अवगत कराते हुए कहा की बरसातों में हर वर्ष डाम का पानी उनके घरो में घुस जाता है इस बार हालात बहुत ज्यादा खराब है और 2 से 2.5 फुट पानी लगभग इनके घरों तथा खेतों में भर गया है,गन्ने की फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है हजारों लोग इससे प्रभावित हुए है शीघ्र कोई रोकधाम के उपाय किये जाने हेतु आग्रह किया जिस पर विधायक बेहड ने जिलाधिकारी उधम सिंह नगर से मुलाकात कर समस्या का हल निकाले जाने हेतु ग्रामीणों को आश्वासन दिया। ग्राम आनंदपुर बालाजी पुरम कालोनी के निवासियों ने मंदिर में दुर्गा माँ की मूर्ति स्थापित किये जाने की मांग की इस दौरान राजेश प्रताप सिंह,राम बहादुर,शैतान देवी, पूर्णमासी,महेश ,राजेश शर्मा,पप्पू कुमार, मुन्ना देवी,जितेन्द्र वर्मा, पुष्पा, अंजली, दिनेश पासवान, कमलेश,रामजश प्रजापति, शिवपूजन, पेरवी देवी,जेठ उराव, झब्बू लाल,मोहन आदि उपस्थित रहे, वार्ड न० 20 सिरौलीकलां निवासी सलीम,जलीश अंसारी,तकसीर अहमद ,तस्लीम आदि ने लगभग 200 फिट रोड निर्माण की मांग की, वार्ड न०-11 नयी सुनहरी निवासी गीता देवी स्व मुकेश कुमार तथा वार्ड न०-12 निवासी छोटी ने पति की मृत्युउपरान्त आर्थिक सहायता दिलाये जाने की मांग की। अधिकाँश समस्याओ का विधायक द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा सम्बंधित अधिकारियों को समस्याओं के निदान हेतु आदेशित किया।



# रामलीला मंचन से पूर्व निकाली ध्वज यात्रा

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। एक अक्तूबर से आरंभ होने वाले रामलीला मंचन से पूर्व सोमवार शाम को नगर में ध्वज यात्रा निकाली गई। सनातन मंदिर में पुजारी ने विधि विधान के साथ तिलक लगाकर ध्वज को रामलीला कमेटी पदाधिकारियों को सौंपा। मंदिर से दर्जनों लोगों ने ढोल नगाड़े के साथ ध्वज यात्रा आरंभ की। यात्रा में शामिल लोग जय श्री राम का गगनभेदी जयघोष करते हुए चल रहे थे। ध्वज यात्रा नगर परिक्रमा के पश्चात रामलीला मैदान में आकर संपन्न हुई। यहां ध्वज को विधि विधान के साथ स्थापित किया गया। इस दौरान यात्रा में शामिल लोगों ने जय श्री राम का जयघोष से वातावरण राम मय बना दिया । वहां रामलीला कमेटी अध्यक्ष राघव सिंह, जगदीश डालमिया, अजय जायसवाल, जयन्त मण्डल, राजा हालदार, मयंक अग्रवाल, कृष्ण शर्मा, सुमित मण्डल, पंकज राय, विक्रम भंडारी, विश्वजीत हालदार , रमन जायसवाल, संजय गुप्ता, दीपक कालरा, लकी कालरा, मुकेश खान, उत्तम दास,गोविंद पोखरिया आदि थे।



# श्री राम और भरत मिलाप की लीला का मंचन

गदरपुर(उद संवाददाता)। गुरुद्वारा वार्ड नं. एक करतारपुर रोड में श्रीराम लीला मंचन की सप्तम रात्रि को मुख्य अतिथि वार्ड नं.10 सभासद संजीव झाम रहे। निर्देशक कृष्ण सिंह के निर्देशन में कलाकारों द्वारा सुंदर अभिनय की प्रस्तुति में श्रीराम भरत मिलाप का मार्मिक एवं भावुक प्रस्तुति और सूर्पनखा का मायाजाल, खर दूषण वध तक की लीला का मंचन हुआ। इस दौरान मुख्य अथिति संजीव झाम ने कहा रामलीला को केवल मनोरंजन के लिए नहीं देखना चाहिए, बल्कि श्री रामचरित मानस के पात्रों के आदर्शों को समझना चाहिए, रामलीला के मंचन से मनुष्य को धार्मिकता की ओर जागरुकता मिलती है। सुन्दर लीला मंचन में श्रीराम की भूमिका मे दीपक प्रजापति, सीता रोहित चंद्रा, लक्ष्मण राजू चंद्रा, भरत ऋतिक, शत्रुघन दीपू सैनी, सुरपनाखा विशाल प्रजापति, खर ऋतिक प्रजापति, दूषण उमेश कश्यप द्वारा बहुत ही सुंदर व भावपूर्ण लीला का मंचन प्रस्तुत किया गया। कलाकारों द्वारा अपने पात्रों की भूमिका का भाव विभोर मंचन किया जा रहा है। मंच संचालन पवन प्रजापति द्वारा किया गया। इस मौके पर कमेटी अध्यक्ष उमेश चंद्रा, महामंत्री सोम कश्यप, कोषाध्यक्ष दीपक कुमार, रवि प्रका अभिमन्यु बाजपाई, साहिल गाबा, आदि दर्शक मौजूद थे।



# मोदी के जन्म दिन पर मरीजों को बांटे फल

खटीमा(उद संवाददाता)। भारतीय जनता पार्टी के नगर मंडल के कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74वें जन्मदिवस के उपलक्ष में खटीमा स्थित सरकारी अस्पताल में फल वितरण किया एवं पेड़ मां के नाम से पौधारोपण किया, सरकारी अस्पताल में भर्ती मरीजों को फल वितरण कर प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिन बड़े उत्साह से मनाया। इस अवसर पर आशा प्रकट की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की नेतृत्व में भारत देश विश्व की सबसे बड़ी महाशक्ति बनेगा। इस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश कार्यकारणी सदस्य रमेश चंद्र जोशी, नगर अध्यक्ष जीवन धामी, नगर महामंत्री मनोज वाधवा, भवन भट्ट, महिला मोर्चा की प्रदेश उपाध्यक्ष मोहनी पोखरिया, जिला महामंत्री सतीश गोयल, बीजेपी नेता गोपाल बोरा, भवानी भण्डारी, ललित जोशी, अमित पांडेय, आलोक गोयल, प्रकाश आर्य, मुन्ना आढ़ती, शशांक बिष्ट ,राहुल सक्सेना, मेहताब राजा, कमल चौहान, भानु गुरू आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।



# धूमधाम से मननाया प्रधानमंत्री का जन्म दिन

गदरपुर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिनभारतीय जनता पार्टी गदरपुर मंडल द्वारा भाजपा के वरिष्ठ नेता सुभाष गुंबर के आवास पर धूमधाम से मनाया गया । इदस अवसर पर भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश हुडिया ने प्रधान मंत्री के दीर्घायु की कामना की । कहा कि प्रधान मंत्री की विचारधारा सबका साथ सबका विकास को लेकर आज पूरे देश के साथ विश्व में भारत का नाम ऊंचा किया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अनिल जेटली, सुभाष गुंबर, धर्मपाल, अशोक हुंडिया, राजेश गुंबर, मनोज शर्मा, गुलशन शर्मा पंडित, राजू शर्मा, सूरजभान गुप्ता, धनपत गुंबर, अरविंद पाल, आकाश कोचर, निर्मल नारंग, हरलॉक नामधारी, अमित सेतिया, हैप्पी चंद्र, जोगिंदर ठाकुर, रमन छाबड़ा आदि भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।



# सीएम के जन्म दिन पर हवन यज्ञ और भंडारा आयोजित

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। रम्पुरा में दुर्गा मंदिर महिला सेवा समिति व कोली समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी जी के जन्मदिन के अवसर पर हवन यज्ञ और भंडारा आयोजित किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व वाइस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता,निवर्तमान महापौर रामपाल सिंह,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा अनिल चौहान,जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह,कार्यक्रम संयोजक अखिल भारतीय युवा कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली,सह संयोजक पूर्व महामंत्री शैलेन्द्र कोली ने दुर्गा माता के मंदिर में मां शेरवाली को चुनरी ओढाकर माँ का आशीर्वाद लिया और हवन यज्ञ में आहुतियाँ देकर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दीर्घायु की कामना की। तत्पशात दुर्गा मंदिर धर्मशाला में कन्याओं का पूजन कर उनका आशीर्वाद लिया और कन्याओं को प्रसाद गृहण कराने के तत्पश्चात लोगों को भंडारा भी कराया। इस मौके पर कार्यक्रम के बतौर मुख्यातिथि पूर्व वाईस चौयरमैन नत्थूलाल गुप्ता,पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान, निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह,जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह ने सयुंक्त रूप से सीएम को शुभकामनाएं और बधाई देते हुए कहा कि जब से विकास पुरूष पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड की कमान संभाली है तब से सम्पूर्ण प्रदेश में खुशहाली का वातावरण है और पूरे प्रदेश में बिना भेदभाव के विकास कार्य किये जा रहें हैं।चारों ओर खुशहाली का वातावरण है। कार्यक्रम संयोजक हिम्मतराम कोली ने कहा कि सीएम धामी ने प्रदेश में समान नागरिकता सहिंता कानून (यूसीसी) बनाकर पूरे देश मे उत्तराखंड प्रदेश की अलग पहचान दी है जिससे अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्यधारा से जोड़कर उनका जीवन स्तर को ऊँचा उठाने का काम कर रहे हैं। कार्यक्रम सह संयोजक पूर्व महामंत्री शैलेन्द्र कोली ने कहा कि सीएम धामी जी ने प्रदेश के लिए दिन रात हर पल अपना न्यौछावर किया है श्री धामी जी ने नकल विरोधी कानून बनाकर सोलह हजार लोगों सरकारी नोकरी देने का काम किया है जो एक कीर्तिमान है और युवाओँ को सरकारी व गैर सरकारी संस्थाओं में निरंतर रोजगार मिल रहे हैं। इस मौके पर पूर्व वाईस चेयरमैन नत्थूलाल गुप्ता,कोली समाज के प्रदेश अध्यक्ष हिम्मतराम कोली,पूर्व महामंत्री शैलेन्द्र कोली,दुर्गा मंदिर महिला समिति की सरंक्षक राममूर्ति देवी,मिथलेश पाल,गंगा कोली,अध्यक्ष चन्द्रकली कोली,माया देवी,लक्ष्मी देवी,विद्यारानी कोली,हरप्यारी देवी,ओमवती कोली, रज्जो देवी, नथिया देवी, नन्ही देवी, जमानिया देवी, सुंदरिया देवी,शशि कोली,शशि कोली,जय देवी,मोहनी देवी,जमुना देवी,उर्मिला देवी, रानी देवी, कुसुम देवी,भूरी देवी,पार्वती देवी,कमला देवी,कमलेश पाल,आशा रस्तोगी, बीना रस्तोगी,कलावती कोली, भगवान देवी कोली,सरिता पांडे मीना देवी, कमलेश कोली, राजकुमारी। कोली, शरबती कोली बाला देवी कोली, पूनम कोली चाँदनी कोली,शांति कोली, मीना कोली,किरण कोली, शकुंतला कोली,गायत्री कोली, नन्ही कोली, कुसुम कोली,लीलावती कोली, गीत कोली,ममता कोली,पूजा कोली कश्यप, कमलेश कोली,विद्या कोली, इंदिरा कोली रामकली कोली, कंचन कोली, गोरी कोली, कामिनी कोली पुष्पा कोली, मोहनिया कोली, शारदा कश्यप,काजल कोली,राम बेटी कोली, मनी कोली,पंडित नरेश चन्द्र शर्मा, किसान मोर्चा के पूर्व नगर अध्यक्ष डालचंद राजपुत,,व्यपार मंडल अध्यक्ष संजीव गुप्ता, युवा नेता दीपक सागर, सुशील सागर,मनोज गुप्ता,विकास बंसल,कमलदीप सोनकर, सुशील कुमार,महेंद्र कोली,शिवकरण कोली,हरिराम कोली,संजय कोली, राजेश कोली,राजू कोली,पवन कोली, रितिक कोली,हरीश कोली,दयाराम कोली, गिरीश कोली,नरेंद्र कोली, अभिषेक कोली,धर्मवीर कोली, श्रवण कोली,सीताराम कोली, मुकेश कोली,पप्पू कोली,सोहनलाल कोली, बाबूराम कोली,संतोष कोली, जितेन्द्र कोली साहित अनेक लोगों ने सीएम धामी जी को शुभकामनाएं और बधाइयाँ दी।





# चोरी की 12 मोटर साइकिलों संग 6 ऑटो लिफ्टर दबोचे

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। पुलिस ने चौकिंग के दौरान 6 शातिर मोटरसाईकिल चोरों को चोरी की 12 मोटर साइकिलों सहित गिरफ्तार किया है। मामले का खुलासा करते हुये एसपी सिटी प्रकाशचंद्र ने बताया कि बीते 11 दिसम्बर को मेराजुद्दीन निवासी आजादनगर ने थाना बनभूलपुरा में रिपोर्ट दर्ज करवाई कि उसकी मोटरसाईकिल संख्या यूके 04 एक्स 0759घर के बाहर से चोरी हो गई थी। वाहन चोरी की सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर वाहन चोर की तलाश शुरू कर दी। उन्होंने बताया कि मामले के खुलासे के लिए थानाध्यक्ष बनभूलपुरा नीरज भाकुनी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया। उप निरीक्षक अनिल कुमार की अगुवाई में टीम ने चौकिंग के दौरान आंवला गेट रेलवे फाटक गौला बाईपास के पास 6 संदिग्ध लोगों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम पता कुबेर सिह उर्फ अमन पुत्र सत्यपाल सिह निवासी हाईडिल कालोनी कालागढ जिला पौडी गढवाल पूर्व में अफजलगढ़ से तीन बाईक चोरी में बाल सुधार गृह मुरादाबाद में रहा है। सलीम अली पुत्र स्व. सादिक अली निवासी ग्राम टिब्बा लालपुर थाना किच्छा पूर्व में किच्छा थाने से चाकू एंव कॉपर की चोरी करने में जेल गया है।ओम शर्मा उर्फ अंशु पुत्र राजकुमार शर्मा निवासी नंदग्राम गाजियाबाद। मई 2024 को किच्छा थाने से टुकटुक की बैट्री चोरी में जेल गया था। ध्रुव शर्मा उर्फ गुन्नू पुत्र हरीश कुमार शर्मा निवासी आगमन प्री स्कूल के सामने वाली गली लालपुर, रवि सिह पुत्र राजू सिह निवासी ग्राम इटऊवा थाना सुभाषनगर जिला बरेली। मई वर्ष 2024 में रूद्रपुर कोतवाली से 02 बाईक चोरी में जेल गया है। संदीप मौर्या पुत्र स्व. ओमपाल मौर्या निवासी मेहराया रोड बाल विकास स्कूल के पास लालपुर थाना किच्छा, जनवरी 2024 में बिलासपुर थाने से



बाईक लूट में एंव मई में किच्छा थाने से नकबजनी में जेल गया था। एसपी सिटी प्रकाश चंद्र ने बताया कि पकड़े गये आरोपी शातिर किस्म के अपराधी हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम द्वारा मौके पर अभियुक्तों को चोरी की 2 मोटर साईकिल यूके -04- एक्स0759 जो 9.9.24 को लाईन नं-02 आजाद नगर बनभूलपुरा से चोरी की थी और मोटर साइकिल संख्या यूके 04एक्स 3566 जो की मंगल पड़ाव क्षेत्र से चोरी की थी के साथ गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तगण से पूछताछ किये जाने पर ज्ञात हुआ कि यह एक शातिर अन्तर्राज्यीय चोरों का गिरोह है जो कि जनपद नैनीताल में हल्द्वानी शहर, बनभूलपुरा, मुखानी, रामनगर क्षेत्र,रूद्रपुर, किच्छा एंव पंतनगर क्षेत्र से भी वाहनों को चोरी करते थे और नशे की पूर्ति के लिए चोरी के वाहनों को बेचने एँव अन्य अपराधों में प्रयुक्त करते थे। एसपी सिटी ने कहा कि उक्त चोर इतने शातिर हैं कि इनके द्वारा वाहनों पर फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर अथवा नम्बर प्लेट हटाकर उनका प्रयोग किया जाता था और कई वाहनों के चौसिस नम्बर को खुर्द-बुर्द किया जाता था। इनके द्वारा बताया गया कि चोरी किये गये वाहनों को यह अन्य चोरी के लिए प्रयोग में लाते थे और चोरी किये गये वाहनों को चोरी के उपरान्त नम्बर प्लेट हटाकर शहर के सुनसान इलाके एंव अलग-अलग पार्किंगों में छुपा कर रखते थे। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर ट्रंचिंग ग्राउन्ड के पास जंगल में छुपाकर रखी 10 अन्य मोटर साईकिल और बरामद की।उन्होंने बताया कि उक्त गैंग के क्रिया कलापों के सम्बन्ध में सम्बन्धित जनपदों से जानकारी एकत्र की जा रही है। अन्य बरामदा वाहन किन-किन स्थानों से चोरी किये गये हैं उनके सम्बन्ध में भी जानकारी एकत्र की जा रही है। वाहन चोरों को पकड़ने वाली पुलिस टीम के उत्साहवर्द्धन हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा 2500 रूपये नगद पारितोषिक की घोषणा की गयी है। पुलिस टीम में थानाध्यक्ष वनभूलपुरा नीरज भाकुनी, उनि अनिल कुमार, कानि. सुनील कुमार, भूपेन्द्र जेष्ठा, महबूब अली शामिल थे।

## बेसहारा बच्चों के साथ मनाया सीएम धामी का जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस पर वार्ड नंबर 16 बाजार क्षेत्र मंगल पड़ाव घास मंडी में गरीब बेसरा बच्चों के साथ जन्मदिन बनाया गया। भाजपा युवा मोर्चा के नगर मंत्री दीपांशु शर्मा ने बताया



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी प्रदेश के विकास के लिए दिनरात मेहनत कर रहे हैं। हम सब मिलकर उनके दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं। बच्चों द्वारा मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन बड़ी ही धूमधाम से बनाया गया। इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, महामंत्री रंजन सिंह बर्गली, ओबीसी जिला महामंत्री वीरेंद्र जायसवाल, विष्णु सक्सेना, संजू राजपूत, संजय केवट, आयुष राजपूत, विशाल राजपूत, सावन केवट, रमेश कुमार, कुणाल कुमार आदि लोग उपस्थित रहे।

## प्राचीन रामलीला के शुभारंभ हेतु हनुमत ध्वजा की हुई स्थापना

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। श्री राम भवन में रामलीला संचालन समिति के तत्वाधान में होने वाली कुमाऊं की सबसे प्राचीन रामलीला के शुभारंभ हेतु हनुमत ध्वजा की स्थापना की गई। कार्यक्रम में पंडित पुष्कर दत्त शास्त्री द्वारा विधि विधान से पूजन कराकर श्री राम लीला के प्राचीन स्थल पर हनुमत ध्वजा स्थापित कराई गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व राज्य मंत्री व वर्तमान सांसद अजय भट्ट, पूर्व नगर निगम मेयर जोगेंद्र रौतेला, भाजपा नगर अध्यक्ष प्रताप बिष्ट तथा नगर के तमाम गणमान्य नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहे। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सांसद अजय भट्ट ने कहा कि यह भगवान श्री राम का कार्य है। इसमें कभी कोई बाधा नहीं आ सकती। हम सभी को मिल जुल कर तन मन और धन से श्री रामलीला को संपन्न करना है। लीला में किसी भी प्रकार की सहायता प्रदान करने की भी घोषणा उनके द्वारा की गई। संचालन समिति से



श्री रामलीला संचालन समिति के संरक्षक व नगर मजिस्ट्रेट एपी बाजपेई, वरिष्ठ सदस्य एडवोकेट बिंदेश गुप्ता तथा विवेक कश्यप ने भी सभा को संबोधित किया। सभा में अनेकों सदस्यों ने आर्थिक सहायता की घोषणा भी की। इस अवसर पर वरिष्ठ सदस्य वेद प्रकाश अग्रवाल, अजय राजौर, विवेक कश्यप, अतुल अग्रवाल, गोपाल पाल, भवानी शंकर नीरज, हरी मोहन अग्रवाल, विनीत अग्रवाल, पंकज कपूर, मनोज गुप्ता, विजय भट्ट, दिनेश गुप्ता, भोला नाथ केसरवानी, रूपेंद्र नागर, तनुज गुप्ता, सौरभ अग्रवाल, प्रदीप जनौटी, प्रेम गुप्ता आदि उपस्थित रहे। नगर के गणमान्य नागरिको में रेनू अधिकारी, प्रमोद तोलिया, पंडित रीतेश जोशी, शम्मी भाई, प्रमोद भट्ट, प्रतिभा, पंडित विवेक शर्मा, दीपक अग्रवाल, सीमा देवल, रजत अग्रवाल तथा प्राचीन शिव मंदिर कमेटी से हरिमोहन अरोरा, डीके गुप्ता लाला जायसवाल आदि रहे। प्राचीन शिव मंदिर कमेटी ने श्री राम बारात निकलने को भी पेशकश की। संचालन समिति सदस्य भवानी शंकर नीरज ने बताया कि दिन की लीला 29 सितंबर तथा रात को लीला 3 अक्टूबर से प्रारंभ होगी। कार्यक्रम का संचालन अतुल अग्रवाल ने किया।

## धामी के जन्मदिन पर लघु व्यापारियों ने पूजा कर बांटे फल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिन के अवसर पर लघु व्यापार संगठन के महानगर अध्यक्ष खुशहाली के लिए प्रार्थना की और केक काटकर फल वितरण किया। सुरेश शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का रुद्रपुर से बहुत लगाव काफी वर्षों से वेंडिंग जोन की मांग करता आ रहा था। जिसको मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बैंडिंग जोन बनाकर यह साबित कर दिया कि वह हर्षोल्लास के साथ मना कर उनको बधाई दी। बधाई देने वालों में लघु व्यापार संगठन के महानगर अध्यक्ष सुरेश शर्मा, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ यादव,





सुरेश शर्मा के नेतृत्व में लघु व्यापारी ठेली फड व्यवसायईयो ने गल्ला मंडी श्री पंचमुखी हनुमान बालाजी मंदिर में पहुंचकर भजन कीर्तन कर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी दीर्घायु की कामना की। जिसके बाद उत्तराखंड राज्य की है। रुद्रपुर की जनता से बहुत प्रेम हे एवं जो छोटा व्यापारी है जो ठेली फड पर लगाकर अपना जीवन यापन करता है ऐसे छोटे व्यापारियों से भी उनका बहुत स्नेह और प्यार है। उनकी चिंता भी मुख्यमंत्री करते हैं। लघु व्यापार संगठन रेहडी पटरी वालों की बहुत चिंता करते हैं और अन्य आठ जगह जो है चिन्हित है वहां पर भी शीघ्र से शीघ्र वेंडिंग जोन बनाए जाने को लेकर गंभीर है। ठेली फड लगाकर कार्य करने वाले व्यवसाययों ने मुख्यमंत्री का जन्मदिन उपाध्यक्ष अजीत मंडल व नन्हे सागर, राजू कोली, सोनू यादव, सुनील, राहुल, रमन कोली, शालू रस्तोगी, वीरेंद्र सिंह, दिनेश रस्तोगी, रमेश पाल, रिंकू सागर, ओम सरकार, भीकम कोली, दुर्गेश यादव आदि शामिल थे।

## मुख्य मार्ग पर लगा गोवंशीय पशुओं का जमावड़ा लगने से लोग परेशान

गदरपुर(उद संवाददाता)। आवारा जानवरों से सड़क पर अकसर लगने वाले जाम से लोगों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि लोगों द्वारा खुले में छोड़े गये गोवंशीय पशु निरंतर मुख्य मार्ग पर रास्ता जाम करके यातायात में बाधक बन रहे हैं । कई लोग जानवरों से टकराकर चोटिल हो चुके हैं। लोगों



द्वारा कई बार प्रशासन को ज्ञापन देकर आवारा पशुओं से निजात दिलाए जाने की मांग की जा चुकी है। वहीं किसान संगठनों द्वारा भी आवारा पशुओं द्वारा फसलों का नुकसान किए जाने पर कार्रवाई की मांग की गई है । परंतु प्रशासन द्वारा हीला हवाली करते हुए लोगों की समस्याओं को नजर अंदाज किया जा रहा है, अक्सर मुख्य मार्ग पर दर्जनों गोवंशीय पशुओं द्वारा सड़क जाम करके यातायात को बाधित किया गया । एक तरफ बंदर, दूसरी तरफ आवारा कुत्ते और आवारा गौवंशीय पशुओं द्वारा लोगों को भारी मुसीबत में डाला जा रहा है।

## लिटिल किंगडम स्कूल में मनाया हिंदी सप्ताह

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। डीडी चौक स्थित लिटिल किंगडम प्रिपरेटरी स्कूल में हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय के प्ले ग्रुप से लेकर कक्षा पांचवी तक के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा शब्द भेद ,शब्द लड़ी, निबंध प्रतियोगिता, वाद-विवाद प्रतियोगिता, नारा लिखो प्रतियोगिता, कविता प्रतियोगिता , अपना परिचय, रंग भरो प्रतियोगिता हुई जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। विद्यालय की वरिष्ठ प्रशासिका परविंदर पुरी ने बताया कि समय के साथ आधुनिकीकरण के इस दौर में विकसित होने के साथ-साथ हमारा हिंदी का ज्ञान भी कम होता जा रहा है इस प्रकार हिंदी दिवस का पहला और सबसे महत्वपूर्ण है कि हिंदी को भाषा के रूप में बढ़ावा देना है। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती चरणजीत कौर ने हिंदी दिवस के महत्व को समझने के लिए बच्चो को प्रेरित किया व हिंदी भाषा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की और विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा ने बताया कि 14 सितंबर वह दिन है जब भारतीय हर साल हिंदी दिवस मनाते हैं। इस दिन को इसलिए चुना गया क्योंकि



यह व्योहर राजेंद्र सिम्हा की जन्म तिथि है वह एक प्रमुख हिंदी विद्वान थे और हिंदी को बढ़ावा देने के लिए जाने जाते थे हमें भी अपनी विरासत को जीवित रखना चाहिए और अपनी भावी पीढ़ियों और उनकी जड़ों के ज्ञान को मजबूत करने के लिए इसका पालन करना चाहिए। इस अवसर पर स्कूल के वरिष्ठ प्रशासक परविंदर पुरी ,प्रधानाचार्या चरणजीत कौर, उपप्रधानाचार्या सिमरन पुरी, विद्यालय संचालक लक्ष्य शर्मा आदि मौजूद रहे।

## हल्द्वानी के करन महाजन दून में हुए सम्मानित

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज ने उत्तराखंड के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले लोगों को सम्मानित किया। यह सम्मान समारोह देहरादून में आयोजित किया गया । इस प्रतिष्ठित आइकन अवार्ड में माननीय कैबिनेट मंत्री सतपाल जी महाराज द्वारा भरत कुकरेती जी, फिल्मस्टार हेमंत पांडे, हिमानी शिवपुरी, उत्तराखंड के प्रसिद्ध लोक गायक नरेंद्र सिंह नेगी , लेखक गोपाल दत्त, आरटी रियल्टर्स और स्टोनेवाला के एमडी करन महाजन सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया गया।उत्तराखंड आइकॉन अवाड्र्स 2024 के तहत "उत्कृष्ट उद्योग निर्माण" में अपना योगदान देने हेतु कुमाऊँ में सबसे तेजी से बढ़ती निर्माण कंपनी आरटी रियलटर्स के करन महाजन को कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज जी ने



देहरादून में " उत्तराखंड आइकॉन अवार्ड " से सम्मानित किया ।करन महाजन ने अपनी 7 वर्षो की कड़ी मेहनत से कंपनी को एक नई ऊँचाई पर पहुँचाया है। आरटी रियलटर्स ने हल्द्वानी और उसके आसपास के क्षेत्रों में अपने उत्कृष्ट निर्माण कार्यों के माध्यम से एक मजबूत पहचान बनाई है। करन महाजन द्वारा 'स्टोन वाला' नाम से एक टाइल शोरूम भी संचालित किया जाता है ,जोकि हिन्दवेयर इटेलियन कलेक्शन टाइल्स, ग्रेनाइट, सैनेटरी प्रोड्क्स और मार्बल बिक्री में स्पेशलाइज्ड़ है। करन महाजन की यह सफलतम कहानी उत्तराखंड के हर युवा के लिए प्रेरणा का स्रोत है। यह दिखाती है कि यदि दृष्टिकोण स्पष्ट हो, मेहनत करने की लगन हो तो किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

# रूद्रपुर में धूमधाम से मना मुख्यमंत्री का जन्म दिन

## उत्कृष्ट कार्य करने वाले नगर निगम कर्मियों को किया सम्मानित

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्मदिवस को युवा संकल्प दिवस के रूप में नगर निगम द्वारा नगर निगम सभागार रूद्रपुर में भव्य रूप से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि विधायक शिव अरोरा ने एवं जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने प्रतिभाग किया। पर्यावरण मित्रों द्वारा कार्यक्रम में आये सभी अतिथियों का पुष्प माला, अंगवस्त्र एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री के जन्मदिवस के इस शुभअवसर पर राकेश, राजेश, सम्मो एवं किरन चार लोगों को नियुक्ति पत्र सौपें गये है । उक्त चारों कर्मचारियों को बधाई देते हुए उनके स्वास्थ्य एवं खुशहाल जीवन की कामना की। उन्होने कहा कि शहर में कूड़ा निस्तारण, फ्री-होल्ड, भविष्य में कूड़ा निस्तारण किस प्रकार किया जाये जैसी कई समस्याऐं थी, जिसकी चिंता विधायक एवं एमएनए ने कई बार व्यक्त की जिसके समाधान के लिए एक योजना बनाई गई, उस योजना के अनुसार प्रशासन के सभी अधिकारियों ने आपसी समनव्य बना के कार्य किया गया, जिसका परिणाम आज सभी के सामने है कि आज रूद्रपुर से लगभग 1 लाख टन कूड़ा साफ हो चुका है। उन्होने कहा कि यह कोई चमत्कार नही बल्कि सभी अधिकारियों और उनकी टीम की मेहनत का फल है, जिन्होंने 8 महीने दिन-रात मेहनत करके उस स्थान को साफ कराया जिससे आज के दिन एक सुन्दर मैदान बन गया है। उन्होने कहा कि आज के शुभ अवसर पर उक्त मैदान को शीघ्र नगर निगम को हस्तान्तरित कर दिया जायेगा, जिससे नगर निगम उस भूमि का अपनी आवश्यकतानुसार जनहित में उपयोग कर सकता है। उन्होंने कहा कि अल्प वेतनभोगी आउटसोर्स एवं सविंदा कर्मचारियों के कन्धों पर शहर की साफ-सफाई, आवोहवा का भार होता है इसलिए उनके मानदेय बढाने की मांग पर प्रस्ताव बानकर शासन को भेजेंगे। उन्होने कहा कि जो गरीब फ्री-होल्ड से छूट गये है, उनके लिए एमएनए एवं अपर जिलाधिकारी नजूल आगे की कार्यवाही करें ताकि आगामी 1 से 2 माह में कम से कम 500 लोगों को और फ्री-होल्ड दे सकें। इस अवसर पर विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री धामी के नेतृत्व में जो कई जनकल्याणकारी योजनाऐं चल रही है उनके लाभार्थी को यहां लाभ दिया गया है, उनको प्रमाण पत्र दिये गये। नजूल के पट्टे बांटे गये। उन्होने कहा कि हम ईश्वर से प्रार्थना करते है कि मुख्यमंत्री के ऊपर उनकी कृपा बनी रहे, जिस प्रकार से वे उत्तराखण्ड को देश का सर्वोत्तम राज्य बनाने के संकल्प के साथ जनता की सेवा में लगे है वे इसी प्रकार सेवा में लगे रहे। इस दौरान नजूल भूमि पर बसे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को नजूल भूमि का नि:शुल्क मालिकाना हक प्राप्त कराने हेतु नगर निगम की ओर से उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी एवं कर्मचारी (टीम लीडर) श्रीमती शिप्रा जोशी पाण्डेय, उप नगर आयुक्त, दीपक गोस्वामी सहायक नगर आयुक्त, श्रीमती राजू नाबियाल, सहायक नगर आयुक्त, ( डोर टू डोर पैमाइश से संबंधितकार्य) शारिक अली (मानचित्रकार), नीरज,धीरेन्द्र, श्री शुभम श्रीवास्तव, जसवीर, किशोर (बहुउददेशीय कर्मी), सागर नेगी, भूपेन्द्र सिंह, मनोज गहतोड़ी (वर्क एजेन्ट), भारत कुमार (परिचारक),( डोर टू डोर जाकर पत्रावलियों से संबंधित कार्य ) हेम उनियाल (नजूल लिपिक), चन्द्रजीत सिंह (कर संग्रहकर्ता) कुल 15 लोगों का प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस क्रम में दीनदयाल अन्तयोदय राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन के अन्तर्गत ओम शान्ति स्वंय सहायता समूह को 2 लाख का चैक एवं पीएम स्वनिधि योजना के अन्तर्गत प्रेमशंकर, धर्मेन्द्र, केदार दत्त एवं हेमराज को 50-50 हजार का चेक वितरित किया गया। नगर आयुक्त नरेश दुर्गापाल ने बताया कि डोर टू डोर नजूल फ्रीहोल्ड अभियान से रूद्रपुर के रम्पुरा में 1331, आदर्श इन्द्रा बंगाली कालोनी में 592, आदर्श कालोनी घास मण्डी में 124, रविन्द्र नगर में 364, शिव नगर में 170, भूतबंग्ला में 275, पहाड़गंज में 66, दरियानगर में 104, खेड़ा में 61 एवं गांधी कालोनी में 25 कुल 3112 परिवारों को लाभान्वित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिकित्सा नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच का स्टॉल लगाकर कार्यक्रम मे आये लोगों की नि:शुल्क जांच की गई एवं स्वंय सहायता समूह द्वारा स्टॉल लगाये गये जिसका जिलाधिकारी उदय राज सिंह एवं विधायक शिव अरोरा द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। एवं डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन के लिए 10 नये वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मणीकान्त मिश्रा, अपर जिलाधिकारी पंकज उपध्याय, अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कत्याल, उपजिलाधिकारी मनीष बिष्ट, उप नगर आयुक्त शिप्रा जोशी सहित अधिकारी, कर्मचारी आदि मौजूद थे।



# धूमधाम से मनाया सीएम धामी का जन्मदिन

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैम्प वार्ड एक के निवर्तमान पार्षद और वरिष्ठ भाजपा नेता सुरेश गौरी के शिमला बहादुर स्थित कार्यालय में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का 49 वां जन्म दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस आयोजन में मुख्य अतिथि हल्द्वानी से आए वरिष्ठ भाजपा नेता तरुण पंत ने सभी के साथ मिलकर केक काटा और मुख्यमंत्री के दीर्घायु होने की कामना की। उन्होंने कहा कि श्री धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार सम्पूर्ण राज्य में बिना भेदभाव के विकास कर रही है और आने वाला कल भी भाजपा का है।पंत ने कहा कि पुष्कर सिंह धामी वर्ष आने वाले कई वर्षों तक राज्य के मुख्यमंत्री बने रहे यह सभी कार्यकर्ताओं की अभिलाषा है। उन्होंने सीएम धामी के जन्म दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। निवर्तमान पार्षद सुरेश गौरी ने कहा सरकार द्वारा आम जनमानस के लिए कई लाभकारी योजनाएं चलाई जा रही हैं। महिला सुरक्षा व नशा मुक्त उत्तराखंड सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा धामी सरकार ने राज्य आंदोलनकारियों की वर्षों पुरानी मांग को ध्यान में रखते हुए उन्हें 10 प्रतिशत क्षैतिज आरक्षण दिया। उसके अलावा राज्य के हित के लिए कई कार्य किए। इस दौरान सभी कार्यकर्ताओं ने केक काटा और सीएम धामी के दीर्घायु होने की कामना की। इस मौके पर हरीश जोशी, रामपाल, नंदलाल, गोपाल, महेश बाबू, अमित चौहान, रामलाल, जय भगत, कमल पांडे, गर्वित, पियूष, अनिकेत, हरीश कुमार, कमलेश पांडेय आदि मौजूद थे



# मेडिकल कैंप शिविर को सफल बनाने पर वर्मा ने जताया आभार

गदरपुर(उद संवाददाता)उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा लगाया गया निशुल्क चिकित्सा शिविर में पहुंचे सभी पदाधिकारी एवं नगर की सम्मानित जनता का भाजपा मंडल महामंत्री अभिषेक वर्मा ने आभार व्यक्त किया है, उन्होंने बताया कि उत्तराखंड के यशस्वी मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस के अवसर पर सोमवार को सकेनियाँ रोड पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया था जिसमें चिकित्सकों द्वारा परामर्श देने के साथ-साथ विभिन्न प्रकार की जांच भी निशुल्क की गई थी जिसमें पहुंचे भाजपा के जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गदरपुर के डॉक्टर टीम,और काशीपुर संजीवनी हॉस्पिटल के डॉक्टरों ने मरीज का चेकअप कर दवाइयां बांटी थी उन्होंने शिविर में पहुंचे सभी भाजपा के पदाधिकारी सम्मानित डॉक्टर और नगर की जनता का आभार व्यक्त किया।



# दूधिया बाबा कन्या छात्रावास में मनाया पीएम मोदी का जन्म दिन

## ऐतिहासिक होगा पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल: चुघ

रुद्रपुर(उद संवाददाता) ।देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का 74वां जन्मदिवस भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश सहसंयोजक भारत भूषण चुघ ने कई स्थानों पर मनाया। प्रधानमंत्री मोदी के बाल प्रेम का स्मरण करते हुए भाजपा नेता चुघ परिवार के पिता जी चुन्नी लाल चुघ धर्मपत्नी पूजा चुघ भाई तरुण चुघ मनीष चुघ के साथश्री दूधिया बाबा कन्या छात्रावास पहुंचे ।जहां उन्होंने बालिकाओं के साथ मोदी का जन्म दिवस मनाया। इस दौरान उन्होंने वहां फल वितरित किए और बालिकाओं को वस्त्र भेंट किये। उन्होंने काशीपुर रोड स्थित भगवानपुर के आर आई टी कॉलेज में एक पेड़ मां के नाम जो पीएम मोदी का संदेश था उसको सार्थक करते हुए पौधारोपण किया ।उसके बाद भूरारानी स्थित फर्स्ट स्टेप स्कूल में भी पौधारोपण किया और 75 पौधों का इन स्थानों पर उन्होंने पौधारोपण किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के तीसरी बार प्रधानमंत्री बने और आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर उनके तीसरे कार्यकाल के 100 दिन पूरे हो चुके हैं, इन 100 दिनों में पीएम मोदी ने देश की सुरक्षा, रेलवे, सड़क मार्ग ,इंफ्रास्ट्रक्चर, पोर्ट, शिक्षा , मेडिकल, सहित अन्य योजनाओं को लेकर 15 लाख करोड़ का बजट पारित किया है, जो यह दिखाता है कि देश निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर है और इसके ध्वजवाहक देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हैं । उन्होंने कहा आज भारतवर्ष में ही नहीं बल्कि पूरी दुनिया में पीएम मोदी सर्वोच्च नेता बनकर उभरे हैं और पूरी दुनिया आज उनकी नीतियों को आत्मसात कर रही है ।भाजपा नेता चुघ ने कहा कि पीएम मोदी का तीसरा कार्यकाल ऐतिहासिक होगा और भारत पांचवी से तीसरी अर्थव्यवस्था के रूप में दुनिया के सामने आएगा। उन्होंने पीएम मोदी के जन्म दिवस पर सभी को शुभकामनाएं दी। इस दौरान छात्रावास में प्रेमा पुरोहित राधेश्याम त्रिपाठी अनुपम मोंगा अंकित श्रीवास्तव गौरव ठाकुर विजय कुमार भूपदेब सहित कॉलेज में प्राचार्य डा अमरनाथ वर्मा सुमित, अखिलेश, गोपाल सिंह ,योगेश नेगी ,दिव्य प्रकाश सिंह, वेद प्रकाश सिंह ,ऋषभ वर्मा, संजीव मंडल ,सचिन कुमार, अंकित शर्मा ,सत्यव्रत सेन, पंकज कुमार, उवेश अंसारी, शिवकुमार, राजकोली ,अमित गोड राजू कोलीआदि मौजूद थे।



# सीएम ने बंगाली समाज की मांगों को पूरा करने का दिया आश्वासन

## विधायक शिव अरोरा के साथ मुख्यमंत्री से मिला प्रतिनिधि मण्डल




रुद्रपुर(उद संवाददाता)।विधायकों व भाजपा संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने बंगाली समाज की मांगों को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से देहरादून स्थित उनके आवास पर मुलाकात की। इस दौरान लिखित ज्ञापन देकर विधायक शिव अरोरा ने कहा कि भारत विभाजन के बाद से पूर्वी पाकिस्तान इस्लामिक कट्टरपंथियो के अत्याचार व यातनाओं को सहकर बंगाली समाज को अपने धर्म की रक्षा हेतु अपने ही देश भारत में शरणार्थी होना पड़ा। विधायक ने कहा उधम सिंह नगर जिले में बंगाली समाज आजादी के बाद से ही बड़ी तादात मे निवास करता है जिनका तराई के विकास मे महत्वपूर्ण योगदान है। प्रदेश में भाजपा सरकार ने बंगाली समाज के उत्थान हेतु कई महत्वपूर्ण कार्य किये है चाहे वो बंगाली समाज के निवास प्रमाण पत्र मे पूर्वी पाकिस्तान जैसे कलंकित शब्दों को हटाये जाना, यह कार्य भी धामी सरकार के नेतृत्व में हुआ। विभाजन के बाद कठोर यातनाओ को सहकर भारत आये बंगाली हिन्दु समाज के सम्मान में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाना, जिला स्तर पर बंग भवन निर्माण की घोषणा किया जाना बंगाली समाज के प्रति सहानुभूति का उदाहरण है। ज्ञापन में विधायक शिव अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के समक्ष कुछ महत्वपूर्ण व्यवहारिक मांगों को रखा। जिसमे सबसे महत्वपूर्ण मांग बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की बात रखी। विधायक अरोरा ने कहा कि आजादी बाद से देश के कई प्रदेशो में जहाँ बंगाली समुदाय के लोगो निवास करते है उनको अनुसूचित जाति का दर्जा देकर सुविधाएं दी जाती है। वही उत्तराखंड में बंगाली समाज के लोगो को अनुसूचित जाति की सुविधा से वँचित रखा है जबकि बंगाली समाज आर्थिक शैक्षिक रूप से काफी पिछड़ा हुआ है, जिन्हे अन्य समाज के समक्ष लाने हेतु अनुसूचित जाति का दर्जा देने उचित होगा, विधायक ने कहा राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग ने इन्हे अनुसूचित जाति का दर्जा देने हेतु अपनी संस्तुति केंद्र सरकार को भेज दी है। इस महत्वपूर्ण विषय पर उक्त प्रस्ताव की केंद्र मे पैरवी कर इसकी स्वीकृति कराने पर विचार करें जोकि बंगाली समाज के लिये न्यायसंगत होगा। विधायक शिव अरोरा ने कहा अनुसूचित जाति का दर्जा मिलने की मांग बंगाली समाज द्वारा लम्बे समय से होती आ रही है । विधायक अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को अवगत करवाया कि बंगाली भाषा धीरे धीरे विलुप्त होती जा रही है जिसका मुख्य कारण है कि बंगाली भाषा में किसी भी प्रकार का अध्ययन का कोई व्यवस्था नहीं है तो वहीं नई शिक्षा नीति 2020 के अन्तर्गत मातृ भाषाओं को पाठ्यक्रम मे लाये जाने पर विशेष ध्यान दिया गया है एवं शिक्षण हेतु इन क्षेत्रों मे बंगाली शिक्षक की नियुक्ति किये जाना न्यायसंगत होगा। विधायक अरोरा ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से कहा कि श्री हरिचांद गुरूचांद छात्रवृति कोष की स्थापना की गयी थी जिसमे बंगाली समाज के मेधावी छात्र छात्राओं को छात्रवृत्ति मिलती थी लेकिन काफी समय से इसमें कठिनाइयां आ रही है जिसके समाधान की आवश्यकता है। विधायक ने बंग भवन का निर्माण रूद्रपुर में शीघ्र कराने की मांग की। सभी मांगो को सुनने के बाद मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अश्वस्त किया कि बंगाली समाज को अनुसूचित जाति के दर्जे हेतु हम केंद्र सरकार मे इसकी पूरी पैरवी करेंगे जिससे बंगाली समाज को अनुसूचित जाति का दर्जा मिल सके। बाकी तीन मांगो पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा वह तीनों मांगो को संबधित विभाग को भेजकर शीघ्र अतिशीघ्र समधान का प्रयास करेंगे । इस दौरान कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा,काशीपुर भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा, दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता, पूर्व मंडी चेयरमेन मंडी समिति रुद्रपुर के के दास, कार्तिक राय पूर्व मंडल अध्यक्ष शक्तिफार्म,राजकुमार साह प्रदेश अध्यक्ष बंगाली महासभा, संजय बछाड़ पूर्व चेयरमेन शक्तिफार्म, सुदर्शन विश्वास जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि, विजय मंडल पूर्व दर्जामंत्री,सीमा सरकार पूर्व चेयरमेन दिनेशपुर , अनादि मंडल, गणेश सरकार, हिमांशु सरकार, जिला उपाध्यक्ष भाजपा, अशोक ढाली, रोहित मंडल किसान सेवा सहकारी समिति दिनेशपुर, तरुण दत्ता पूर्व जिला महामंत्री भाजपा, शिवकुमार राय आदि लोग मौजूद रहे।

# विकास प्राधिकरण के नोटिस के बावजूद अवैध निर्माण जारी



रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिला मुख्यालय पर भूमाफियाओं के हौसले इतने बुलंद है कि भूमाफियाओं को ना तो प्रशासन का डर है और न ही विकास प्राधिकरण का। ताजा मामला जिला मुख्यालय रुद्रपुर के किच्छा बाईपास रोड स्थित शुक्ला फॉर्म के ठीक सामने का है जहां लगभग एक महीना पूर्व यूपी के एक विशेष समुदाय के भूमाफिया द्वारा जिला प्रशासन व विकास प्राधिकरण की नाक के नीचे नजूल भूमि पर अवैध रूप से निर्माण किया जा रहा था। समय रहते जब इसकी सूचना मीडिया कर्मियों द्वारा विकास प्राधिकरण को दी गई तो विकास प्राधिकरण ने तत्काल अवैध निर्माण कर रहे भूमाफिया को नोटिस जारी कर अवैध रूप से हो रहे निर्माण को रोक दिया था। परंतु यूपी से आये इस भूमाफिया के हौसले इतने बुलंद है कि केवल एक माह बीतने के बाद ही भूमाफिया ने जिला प्रशासन व विकास प्राधिकरण को ठेंगा दिखाते हुए पुन: उक्त भूमि पर फिर से तेजी से निर्माण कार्य शुरू कर दिया है। आलम यह है कि भू माफिया द्वारा दिन रात युद्ध स्तर पर कार्य कर उक्त भूमि पर अवैध बिल्डिंग तैयार की जा रही है। परंतु अवैध रूप से हो रहे इस निर्माण की सुध लेने वाला कोई नहीं है। जिला विकास प्राधिकरण नोटिस जारी कर अवैध निर्माण को रोक कर ध्वस्तीकरण की कार्यवाही का दावा तो करता है परन्तु धरातल पर कोई कार्यवाही करता नही। यही कारण है कि जनपद में लगातार भूमाफियाओं के हौसले बुलंद हो रहे हैं और वह आए दिन खाली पड़ी भूमि पर अवैध निर्माण करने से बाज नहीं आ रहे हैं।

# सीएम के जन्मदिन पर पर्यावरण मित्रों को किया सम्मानित



गदरपुर (उद संवाददाता)उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के जन्म दिवस पर भाजयुमो के नगर अध्यक्ष मुनि भुसरी ने पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया। सोमवार को भाजपा कार्यकर्ताओं ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश में सामाजिक और आर्थिक विकास को गति दी है विशेष रूप से महिलाओं को सशक्त बनाने की दिशा में मुख्यमंत्री की पहल की सराहना की,इस अवसर पर एक निजी प्रतिष्ठान पर नगर पालिका में कार्यरत सभी 83 पर्यावरण मित्रों को भाजयुमो के नगर अध्यक्ष मुनि भुसरी द्वारा सम्मानित किया गया। इस दौरान मुनि भुसरी ने बताया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी की दूरदर्शिता और नेतृत्व ने राज्य को नई ऊंचाइयों पर पहुंचा है और उन्होंने प्रदेशवासियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है मंडल अध्यक्ष सुरेश खुराना ने बताया कि आज भाजयुमो के नगर अध्यक्ष द्वारा पर्यावरण मित्रों को सम्मानित किया गया है यह बहुत ही सराहनीय कार्य है पर्यावरण मित्र ऐसी सेवा करते हैं जहां कोई भी जाने से कतराता है वहां पर्यावरण मित्र खड़े नजर आते हैं कार्यक्रम का संचालन परमजीत सिंह पम्मा ने किया इस दौरान कार्यक्रम में अश्वनी कुमार, नरेश हुड़िया, अनिल जेटली, मुस्कान चावला, तनीषा चावला, गोतम पपनेजा,रवि आदि लोग मौजूद रहे।

# तीरंदाजी प्रतियोगिता के अंडर 19 वर्ग में डीपीएस रूद्रपुर चैंपियन

रुद्रपुर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित सीबीएसई जोन–1 तीरंदाजी प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ समापन हुआ। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य ट्रेजरी अधिकारी कुंदन शर्मा , मैनेजिंग डायरेक्टर राम राज्य वायर इंडस्ट्री रुद्रपुर मनोज अरोरा ,कुमांऊ विवि के क्रीड़ा अधिकारी डॉ नागेंद्र शर्मा, समाजसेवी जुगल किशोर बांबा, राजेंद्र श्रीधर मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने रोशन किया। प्रतियोगिता में अंडर 17 का खिताब एमिनिटी इंटरनेशन स्कूल सैक्टर 1, गाजियाबाद ने और अंडर 14 का खिताब डी पी एस ऋषिकेश ने अपने नाम किया। इन सभी विजेता खिलाडियों आकर्षित किया। इस अवसर पर विद्यालय के चेयरमैन सुरजीत सिंह ग्रोवर ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन पर गर्व जताते हुए सीबीएसई का धन्यवाद दिया और सभी प्रतिभागी छात्रों और उनके





ऊधम सिंह नगर पंकज शुक्ला उपस्थित थे । विशिष्ट अतिथि के रूप में उप जिलाधिकारी डॉ अमृता शर्मा , एस पी सिटी मनोज कत्याल , कमाडिंग अधिकारी 78 एनसीसी बटालियन कर्नल खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाया और उनकी लगन और समर्पण की सराहना की। प्रतियोगिता में अंडर 19 वर्ग में दिल्ली पब्लिक स्कूल, रुद्रपुर ने खिताब अपने नाम किया और विद्यालय का नाम को अतिथियों ने उनके सुनहरे भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी । सम्पूर्ण प्रतियोगिता में इन खिलाड़ियों ने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा के दम पर सभी लोगों का ध्यान अपनी तरफ कोच, अभिभावकों को भी धन्यवाद ज्ञापित किया। कहा कि इस प्रकार के आयोजन से छात्रों में खेल भावना का विकास होता है और उनमें आत्मविश्वास व अनुशासन जैसे गुण विकसित होते हैं।

# बाक्सिंग में होली चाइल्ड की डिंपल ने जीता स्वर्ण पदक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से सोशल बलूनी पब्लिक स्कूल, देहरादून में आयोजित क्लस्टर बॉक्सिंग चैम्पियनशिप में होली चाइल्ड स्कूल की कक्षा 11वीं की छात्रा डिंपल यादव ने स्वर्ण पदक अर्जित कर अपने माता–पिता, विद्यालय व कोच का नाम रोशन किया। अब वह राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेंगी। डिंपल यादव को उनकी इस उपलब्धि पर विद्यालय में सम्मानित किया गया। संस्था के संरक्षक योगराज बत्रा, चेयरमैन रोहिताश बत्रा, वाइस चेयरमैन विकास बत्रा, एमडी श्रीमति पूजा बत्रा, विनय बत्रा, विद्यालय के प्रधानाचार्य मिंटू दूबे, उप–प्रधानाचार्य (एडमिन) प्रदीप कुमार जोशी एवं उप–प्रधानाचार्य श्रीमति मंजू अधिकारी, सुधाकर सिंह तथा समस्त शिक्षक वर्ग ने छात्रा की इस उपलब्धि पर बधाई दी व उज्जवल भविष्य की कामना की।




# राज्य स्तरीय जू–जित्सु प्रतियोगिता में यूएस नगर बना चैंपियन

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। खेल निदेशालय उत्तराखण्ड, देहरादून एवं जिला प्रशासन, ऊधम सिंह नगर तथा जिला खेल कार्यालय, ऊधम सिंह नगर के संयुक्त तत्वावधान में मनोज सरकार स्पोर्टस स्टेडियम रूद्रपुर में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय सामान्य जाति जू–जित्सु ( बालक वर्ग ) प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण के साथ्ज्ञ समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि जु–जित्सु एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड के महासचिव विनय कुमार जोशी ने आयोजन के लिए खेल निदेशालय उत्तराखण्ड एवं जिला प्रशासन, जिला खेल विभाग ऊधम सिंह नगर एवं जिला जु–जित्सु एसोसिएशन के अधिकारियों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि राज्य के विभिन्न जनपदों से पहुंचे सभी खिलाड़ियों का खेल प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। सफलता पाने के लिए हमेशा प्रयास करते रहना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे जिला जु–जित्सु एसोसिएशन ऑफ ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने कहा कि ये खिलाड़ी राज्य के साथ पुरे देश का नाम रौशन करेंगे। ओर उन्होंने आगे कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार द्वारा खिलाड़ियों को आगे बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करने लगातार कदम उठाये जा रहे हैं। जिससे खिलाड़ियों और खेल के प्रति सकारात्मक वातावरण निर्मित हुआ। उन्होंने प्रतियोगिता में प्रतिभागी सभी खिलाड़ियों को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी। समापन अवसर पर जिला क्रीड़ा अधिकारी जानकी कार्की ने सभी आगुंतकों का आभार व्यक्त किया, ओर आयोजक सचिव ऋषि पाल भारती के कार्य की सराहना की। ओर आगे उन्होंने कहा कि जो खिलाड़ी हारे है, उनको निराश होने की आवश्यकता नहीं है, अपने प्रयास में कोई कमी नहीं लाते हुए अभ्यास जारी रखें। उनको भी एक दिन सफलता अवश्य मिलेगी। प्रतियोगिता की जानकारी देते हुए आयोजक जिला महासचिव ऋषि पाल भारती ने बताया कि उक्त प्रतियोगिता में ऊधम सिंह नगर ने 19 स्वर्ण पदक और 16 रजत पदक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया, नैनीताल ने 11 स्वर्ण पदक, 14 रजत पदक प्राप्त कर दूसरा स्थान, एवं अल्मोड़ा ने दो स्वर्ण पदक, दो रजत पदक प्राप्त कर तीसरा स्थान प्राप्त किया। चंपावत ने 1 स्वर्ण पदक दो रजत पदक और बागेश्वर ने 1 स्वर्ण पदक जीता। ओर आगे भारती ने समस्त अथितियों, अधिकारियों, ऑफिशियल्स, प्रशिक्षकों एवं अभिभावकों का आभार जताया। प्रतियोगिता में रैफरी की भूमिका में एशियाई खिलाड़ी एवं जू–जित्सु कोच, जिला खेल विभाग कमल सिंह व ऑफिशियल्स में हिमा भट्ट , आकृति कौर, प्रिया विश्वास शामिल रही। समापन अवसर पर मुख्य अतिथि एवं अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, डीएसओ जानकी कार्की, देवेंद्र रावत द्वारा सयुक्त रूप से विजेता प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र व पुरस्कार वितरण कर सम्मानित किया गया। इस मौके पर किशोर सिंह, सतविंदर सिंह, विनोद लखेरा, प्रियांशु भेसोड़ा, कृष्णा साना, हिमांशु कुलेठा, रोहित यादव, नव्या पांडे, वसीम खान, कृष्ण आनंद, कंचन बसेरा, शिवानी, लोरी, सोनम कोली, तनु, मिंकू ठाकुर, गुलशन कुमार, रघुवीर सिंह विर्क, हरीश राम, धीरज जोशी, रघु रावत, राज कोली, सन्नी, सहित अनेकों अभिभावक गण मौजूद रहे।



# उत्तरांचल दर्पण सम्पादकीय
सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

## बुलडोजर से ध्वस्तीकरण

देश में किसी गैरकानूनी गतिविधि या अपराध का आरोप झेल रहे व्यक्ति के घर या अन्य निर्माण को बुलडोजर से ध्वस्त करने पर लगातार सवाल उठ रहे थे। ऐसे में सुप्रीम कोर्ट ने एक बार फिर कथित 'बुलडोजर न्याय' के मसले पर जो राय जाहिर की है, वह राज्य सरकारों और संबंधित महकमों के लिए विचार करने का विषय है। यह बड़ी विडंबना है कि अगर कोई व्यक्ति किसी अपराध के आरोप में पकड़ा जाता है, तो उसके खिलाफ कानूनी प्रक्रिया के तहत कार्रवाई करने के बजाय अन्य कारणों का हवाला देकर उसका घर ढहा दिया जाए।ऐसे ही एक मामले की सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को एक अक्तूबर तक के लिए देश भर में बुलडोजर से ध्वस्तीकरण की कार्रवाई पर रोक लगा दी और कहा कि बिना उसकी अनुमति के एक भी निर्माण न ढहाया जाए। हालांकि यह आदेश सार्वजनिक सड़क, फुटपाथ और किसी अनधिकृत निर्माण पर लागू नहीं होगा।दरअसल, पिछले कुछ समय से कुछ राज्यों में किसी व्यक्ति पर महज आरोप लगने के बाद उसके घर को बुलडोजर से ध्वस्त करना एक जरूरी कार्रवाई मान ली गई थी। जबकि ऐसी कार्रवाई को मनमाने तौर-तरीके और उसके महिमामंडन के रूप में देखा जा रहा था। इसी के मद्देनजर शीर्ष अदालत ने बुलडोजर कार्रवाई का महिमामंडन बंद करने को कहा। हालांकि उत्तर प्रदेश सरकार की ओर से महाधिवक्ता का कहना था कि ध्वस्तीकरण की कार्रवाई कानूनी प्रक्रिया के तहत की गई। गौरतलब है कि बुलडोजर चलाने के एक मामले में सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में कहा था कि एक व्यक्ति के सिर्फ आरोपी या यहां तक कि दोषी होने के बावजूद इस वजह से उसका घर नहीं गिराया जा सकता है। एक लोकतांत्रिक और कानून के शासन वाले देश में किसी एक शख्स की गलती की सजा उसके परिजनों को उसके घर को ध्वस्त करके नहीं दी जा सकती। ऐसी कार्रवाई कानून के शासन पर ही बुलडोजर चलाने जैसा होगा। संभव है कि किसी घर को अवैध निर्माण होने या अन्य तकनीकी आधार पर ध्वस्त किया गया हो, लेकिन अगर ऐसी कार्रवाई की तात्कालिक वजह आपराधिक कृत्य में आरोपी होना प्रतीत हो रही हो, तो उसे कैसे देखा जाएगा।

## भारत भूषण चुघ के ससुर राजेन्द्र कालरा का निधन



किच्छा(उद संवाददाता)। ग्राम आजाद नगर निवासी सामाजिक कार्यकर्ता विक्की कालरा के पिताजी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भारत भूषण चुघ के ससुर राजेंद्र कालरा का बुधवार को स्वर्गवास हो गया । उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी। तमाम राजनैतिक और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने उनके आवास पर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की। राजेन्द्र कालरा पिछले कुछ समय से अवस्थ थे। वह सामाजिक कार्यों में अग्रणी रहते थे। उनका अंतिम संस्कार अपराह्न 4 बजे मोक्ष धाम आजाद नगर किच्छा में किया जायेगा।

## बंगाली समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री को सौंपा ज्ञापन

शक्तिफार्म(उद संवाददाता)। बंगाली समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को मांगपत्र सौप,बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा दिये जाने व उधम सिंह नगर में रह रहे बंगाली समुदाय के छात्र-छात्राओं को छात्र वृत्ति दिये जाने की मांग की । मांग पत्र में कहा कि उत्तराखण्ड राज्य में ऊधमसिंह नगर मे रह रहे बंगाली समुदाय के लोगो को सामान्य जाति वर्ग मे रखा गया है जबकि अन्य प्रदेशो मे (त्रिपुरा, उड़ीसा, मिजोरम, पश्चिम बंगाल) मे अनुसूचित जाति का दर्जा प्राप्त है। ऊधम सिंह नगर में रह रहे बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा न मिलने से इन्हे उच्चशिक्षा,



सेवा, आदि का लाभ नही मिल पा रहा है। उत्तराखण्ड राज्य के ऊधमसिंह नगर में रह रहे बंगाली समुदाय को अनुसूचित जाति का दर्जा देने की मांग की । उधम सिंह नगर में रह रहे बंगाली समुदाय के छात्र-छात्राओं को छात्र वृत्ति की सुविधा नहीं मिल पा रहा है जिस कारण विद्यार्थियों के अध्ययन कार्य पर प्रतिकुल प्रभाव पड़ रहा है। इस मौके पर दर्जा मंत्री उत्तम दत्ता ,हिमाशु सरकार, अनादि रंजन मण्डल,केके दास, विष्णु पद प्रमाणिक, देबू मण्डल,कार्तिक राय, सुनील विश्वास, संजय बाहाड़ गोपाल सरकार, विधान दास, रवि मजूमदार,अशोक माली कृष्णपद मण्डल, रविन्द्र विश्वास, मयंक अग्रवाल,विश्वजीत हालदार,अशोक मण्डल,परेश मण्डल,प्रभाकर राय आदि थे।

## मूक वधिर बच्चों को किया जागरूक

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट प्रभारी जीतो कंबोज मय कांस्टेबल ममता मेहरा ,हरजिंदर सिंह ने काशीपुर में अनमोल फाउंडेशन द्वारा संचालित स्पेशल स्कूल में मूक बधिर बच्चों के साथ जागरूकता गोष्ठी की । मूक वधिर बच्चों को मानव तस्करी के बारे में बताया गया जिसको एक्सप्लेन टीचर मेगा बिष्ट द्वारा संकेतों के माध्यम से समझाया गया। समाज में स्पेशल बच्चे ही मानव तस्करी के ज्यादातर शिकार होते हैं। अनमोल फाउंडेशन की सीओ मीनाक्षी चौहान व अन्य टीचरे वह स्कूल का संपूर्ण स्टाफ मौजूद रहा। मीनाक्षी चौहान द्वारा बताया गया कि हमारे स्पेशल स्कूल में 42 दिव्याग बच्चे है। बच्चों के खाने-पीने व रहने की व्यवस्था हमारे स्कूल में ही होती है।




जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

## गंदगी से पटा पड़ा है शहर, चला रहे हैं स्वच्छता अभियान

काशीपुर(उद संवाददाता)। नगर क्षेत्र के प्रमुख स्थानों समेत घने आबादी वाले मोहल्ले में गंदगी की भरमार है। चोक नाले नालियों का गंदा पानी सड़कों पर बह रहा है। कचरों के ढेर पर बैठे आवारा पशु कूड़े में मुंह मार रहे हैं और निगम के अधिकारी स्वच्छता पखवाड़ा चला रहे हैं। सुनने और देखने में भले ही आपको अजीब लगे लेकिन काशीपुर में धरातल पर यह नजारा आपको देखने को मिल जाएगा। यहां आज भी हल्की बरसात में राष्ट्रीय राजमार्ग स्टेशन रोड मुख्य बाजार समेत नगर के दर्जनों घनी आबादी वाले मोहल्ले जलमग्न हो जाते हैं। मल मूत्र युक्त पानी सड़कों पर बहता है। और जब वह वाही लूटने का समय आता है तो अधिकारी अपनी पीठ आप



थपथपाने के लिए कार्यक्रम की औपचारिकता करते हैं। बीते 17 सितंबर को विश्वकर्मा पूजा के मौके पर जागरूकता रैली निकालकर लोगों को स्वच्छता की शपथ दी गई। कितने लोग जागरूक हुए अथवा कितने लोगों ने शपथ को आत्मसात किया इस पर पलट कर कभी नहीं सोचा जाता। पर्यावरण संरक्षण वायु प्रदूषण और प्रतिबंधित पॉलीथिन पर अंकुश लगाने को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस गोष्ठी की सार्थकता किस हद तक है यह भी आम समाज को जान लेना चाहिए। नगर निगम की नाक के नीचे यानी मुख्य द्वार के पास ही प्रतिबंधित पॉलिथीन की भारी भरकम खेप की रोजाना खपत हो रही है। पर्यावरण तथा वायु प्रदूषण का शहर में बुरा हाल है। सिंगल यूज प्लास्टिक के प्रतिबंध पर चलाया गया अभियान एक भी कदम आगे नहीं बढ़ सका। इस बारे में समाचार पत्र के प्रतिनिधि ने जब आम जनता की राय जानने का प्रयास किया तो बताया गया कि अधिकारियों को दायित्वों के निर्वहन के लिए खुद के गिरेबान में जरूर झांकना चाहिए।

# नामती चेताबगड़ गांव पहुंचकर डीएम आशीष ने किया निरीक्षण

### जनपद के आपदा ग्रस्त क्षेत्रों का निरीक्षण कर डीएम ले रहे सुध, ग्रामीणों से की मुलाकात

बागेश्वर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी आशीष भटगांई अपनी सख्त प्रशासक की कार्यशैली के लिए आमजनता में छाए हुए हैं। वही गत दिनों नामती चेताबगड़, कैलापैर कापड़ी और उसके आसपास के अन्य क्षेत्रों में आई आपदा, मानसून अवधि में हुए भूस्खलन का स्थलीय डीएम ने निरीक्षण कर जायजा लिया। राजकीय अवकाश के दिन भी जिलाधिकारी ने भूस्खलन की स्थिति का स्थलीय निरीक्षण एवं नामती चेताबगड़ वाले क्षेत्र के लिए संभावित खतरे की पड़ताल करने के साथ ही सुरक्षा एवं उपचारात्मक कार्यों को लेकर अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कहा कि ग्रामीणों की सुरक्षा व्यवस्था सर्वोपरि है। इसलिए भूस्खलन के रोकथाम के लिए आधुनिक



तकनीकों का इस्तेमाल कर भूस्खलन के उपचार व रोकथाम के लिए दीर्घकालिक प्लान बनाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने आपदा प्रभावित लोगों से मुलाकात की और हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया। साथ ही आपदा प्रभावितों से मिलकर उनकी समस्याओं को सुना।डीएम ने अधिकारियों को आपदा प्रभावितों को तत्काल सहायता देने,आपदा संभावित क्षेत्रों में आपदा क्षति का आंकलन करने तथा आपदा से क्षतिग्रस्त पुनर्निर्माण के कार्यों को तत्काल करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी नामतीचेटाबगड गांव में डोलगांव गधेरा, घनेलिया नाला व गूंठी खिमिला नाले से हो रहे भू-स्खलन का जायजा लिया तथा ग्रामसभा कैलापैरकापड़ी के भाकुना तोक व रामगंगा नदी में सरहदी पैदल पुल का भी निरीक्षण किया। गौरतलब है कि बरसात में रामगंगा नदी में सरहदी पैदल पुल के एबेटमेंट झुक जाने से सुरक्षा के दृष्टिगत वहां से आवगामन बंद किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिपं अध्यक्ष बसंती देव, पूर्व काबीना मंत्री बलवंत सिंह भौर्याल, मुख्य विकास अधिकारी आरसी तिवारी, उपजिलाधिकारी अनुराग आर्या, आपदा प्रबंधन अधिकारी शिखा सुयाल, जिला सूचना अधिकारी सुरेश कुमार, नारायण सिंह कोश्यारी, महेश सिंह, भगवती प्रसाद पाठक समेत अन्य विभागों के अधिकारी व स्थानीय लोग मौजद थे।

## एसपी घोड़के ने किया थाना कपकोट और चौकी शामा का औचक निरीक्षण

बागेश्वर(उद संवाददाता)।पुलिस अधीक्षक चंद्रशेखर घोडके ने थाना कपकोट व चौकी शामा का आकस्मिक निरीक्षण किया। उन्होंने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना कार्यालय, हवालात, मालखाने,भोजनालय, बैरिक आदि का मुआयना कर कार्यालय के समस्त रजिस्टरों को चौक किया। निरीक्षण में सभी रजिस्टरों का रखरखाव/कार्य सही पाया गया। एसपी घोड़के ने सभी पुलिस कर्मियो को मेहनत, लगन व सतर्कता से ड्यूटी करने,थाना कार्यालय में सीसीटीएनएस मे अपराध संबंधित आंकड़ों को शत- प्रतिशत ऑनलाइन भरने,संदिग्ध एंव बाहरी लोगों की निगरानी करने एवं सत्यापन की कार्यवाही करने के निर्देश दिए। एसपी ने आपदा उपकरणों को सही हालत में रखने, थाना क्षेत्र में अधिक से अधिक जन जागरुकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। जिसके बाद एसपी घोड़के ने शामा चौकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। और चौकी प्रभारी को आवश्यक निर्देश दिए।



## सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविर का मीना ने किया शुभारम्भ

रुद्रपुर (उद संवाददाता)।उत्तराखंड प्रदेश महिला कांग्रेस कमेटी की वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीमती मीना शर्मा ने कहा है कि वह महिलाओं के उत्थान और उन्हें आगे बढ़ाने के लिए हर संभव प्रयास करेंगी,उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वावलंबी, आत्मनिर्भर और अपने पैरों पर खड़ा करने के लिए विभिन्न योजनाओं के तहत उन्हें मजबूत करेगी। श्रीमती शर्मा प्रीत विहार में सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविर को संबोधित कर रही थी। यहां पहुंचने पर आयोजको द्वारा श्रीमती शर्मा का एवं अन्य अतिथियों का फूलमाला पहनाकर एवं बुके प्रदान कर स्वागत किया गया। बाद में फीता काट कर श्रीमती शर्मा ने सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन किया।उल्लेखनीय है कि प्रशिक्षण शिविर में प्रत्येक महिला को तीन-तीन माह के लिए सिलाई मशीन हेतु प्रशिक्षण दिया जाएगा, उसके बाद संस्था की में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही महिलाओं के लिए वह हमेशा मदद करती रहेगी। श्रीमती शर्मा ने कहा कि नगर पालिका अध्यक्ष रहते हुए भी उन्होंने 1000 से भी



तरफ से उन्हें प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे, यहां मुख्य अतिथि श्रीमती शर्मा ने कहा कि शहर के विभिन्न स्थानों पर चल रहे सिलाई मशीन प्रशिक्षण शिविरों अधिक महिलाओं को सिलाई मशीन में प्रशिक्षण देकर प्रत्येक महिला को निशुल्क सिलाई मशीन प्रदान की थी, जिससे वह घर पर रहकर स्वरोजगार कर सकें, अब नगर पालिका अध्यक्ष पद से हटने के बाद भी उनका प्रयास है कि शहर के विभिन्न स्थानों पर प्रशिक्षण शिविर चलाती रहें, और वह महिलाओं की हर संभव मदद करती रहें। श्रीमती शर्मा ने कहा कि एनजीओ के माध्यम से भी चल रहे प्रशिक्षण शिविर में वह अत्यंत गरीब महिलाओं को सिलाई मशीन उपलब्ध कराएंगी। जिससे वह प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद घर पर रहकर ही लघु व्यवसाय कर सकें, और अपने परिवार का पालन पोषण कर सके। इस अवसर पर महानगर महिला कांग्रेस कमेटी की अध्यक्ष मोनिका ढाली,कार्यक्रम आयोजक गुंजन, निगम पार्षद बबलूसागर, प्रेमवती,ममता,सरोज सहित बड़ी संख्या में अन्य लोग मौजूद थे।

## ठुकराल ने विश्वकर्मा पूजन में किया प्रतिभाग

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। पूर्व विधायक राजकुमार ठुकराल ने वार्ड नंबर एक फुलसुंगा क्षेत्र की रूद्रा इन्कलेव कालोनी में आयोजित विश्व कर्मा पूजा एवं भंडारे में शिरकत की। उन्होंने पूजा अर्चना कर सम्पूर्ण क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना की। पूजा के मुख्य यजमान उपेन्द्र गिरी थे। इस दौरान ठुकराल ने कहा कि धार्मिक आयोजन नई उर्जा का संचार करते हैं। उन्होंने कहा कि हिंदू धर्म में विश्वकर्मा पूजन का विशेष महत्व है। विशेष रूप से औद्योगिक इकाईयों में भगवान विश्वकर्मा जी का पूजन विधि विधान एवं श्रद्धाभाव से किया जाता है। इस अवसर पर अजय नारायण सिंह आनंद शर्मा, उपेन्द्र गिरि, सतीश कुमार गिरि, मोहन गिरि, अवधेश गिरि, मुरली यादव, संजय कुमार, राजभरत चौहान, विनोद गिरि, प्रीतम सैनी, तारकेश्वर ठाकुर, धर्मेन्द्र गंगवार, सुरेन्द्र यादव, मनोहर यादव, राजेश सिंह, जोगेन्द्र यादव आदि मौजूद रहे।



# पीएम के जन्म दिन पर चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आर्य समाज कन्या इंटर कॉलेज रुद्रपुर के सामने भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने रुद्रपुर व्यापार मंडल के महामंत्री मनोज छाबड़ा एवं कोषाध्यक्ष संदीप राव एवं भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लाल किले से देश को स्वच्छ रखने का आह्वान किया था इसी के तहत आज उनके जन्म दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान चलाया गया । सहायक नगर आयुक्त शिप्रा जोशी से वार्ता करके यहां पर टाइल्स लगाने का भी निवेदन किया ताकि यह क्षेत्र साफ सुथरा हो सके। विकास शर्मा ने क्षेत्र वासियों से भी आवाहन किया कि कूड़े की गाड़ी में ही कूड़ा डालें अगर कूड़ा की गाड़ी नहीं आ रही है तो उन्हें सूचित करें लेकिन इस तरह सड़क पर कूड़ा ना फेंका जाए हम अपने शहर को स्वच्छ रखेंगे तभी हमारा शहर स्वच्छ बन पाएगा। व्यापार मंडल के महामंत्री मनोज छाबड़ा ने व्यापारियों से आवाहन किया कि शहर हमारा है इसे स्वच्छ रखने में अपना योगदान दें। व्यापार मंडल के कोषाध्यक्ष संदीप राव ने कहा कि नगर में जिन-जिन स्थानों पर भी इस प्रकार गंदगी है नगर निगम के सहयोग से उसे दूर करने का प्रयास किया जाएगा। इस दौरान राजन राठौड़, कालू नारंग, बॉबी पासी, सुरेश गौरी, पवन खनिजो, गगन ग्रोवर, सुशील नारंग, गौरव तनेजा आदि थे।



# सिंह कालोनी में चलाया स्वच्छता अभियान

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह एवं किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान के नेतृत्व में वार्ड नंबर 33 सिंह कॉलोनी स्थित श्री कल्याणेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्वच्छता अभियान चलाया गया। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ एवं दीर्घायु जीवन की कामना की। इस दौरान निवर्तमान मेयर रामपाल सिंह ने कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी अंत्योदय से आत्म निर्भर भारत की दिव्य संकल्पना को साकार कर रहे हैं। पीएम मोदी ने देश में ऐतिहासिक फैसले लेकर देश को न सिर्फ मजबूत बनाया है बल्कि वैश्विक स्तर पर भी भारत की साख मजबूत की है। प्रधान मंत्री की मजबूत इच्छा शक्ति की बदौलत ही आज आत्म निर्भर भारत का सपना साकार होता नजर आ रहा है। किसान मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अनिल चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान की शुरुआत की गई जिसका उद्देश्य भारत को स्वच्छ और स्वस्थ बनाना है स्वच्छ भारत अभियान के माध्यम से, लोगों को अपने आसपास के माहौल को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने के लिए प्रेरित किया जाता है। इस अवसर पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष राकेश सिंह निवर्तमान पार्षद सुशील चौहान, बबलू सागर, आयुष तनेजा, भुवन गुप्ता, डॉ राकेश सिंह,अक्षय गहलोत, सतपाल गंगवार प्रशांत सिंह, हीरा बल्लभ पांडेय, आदेश राणा, वरुण गहलोत, संजय कुमार, तरुण कुमार, हरेन्द्र, हिमांशु चौहान आदि लोग उपस्थित रहे।



# टेंपो में शराब पी रहे लोगों ने वृद्ध पर किया हमला

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। खाना खाकर टहलने निकले वृद्ध को टेंपो में बैठे शराब पी रहे लोगों को टोकना भारी पड़ गया। उक्त लोगों ने वृद्ध पर हमला कर दिया। वृद्ध को बेहोश होने पर हमलावर फरार हो गए। पूरी घटना इंटरनेट मीडिया में वायरल हो रही है। घायल वृद्ध को अस्पताल में भर्ती कराया है। मामला थाना ट्रांजिट कैंप क्षेत्र का बताया जा रहा है। बताया जा रहा है कि श्मशान घाट रोड निवासी वृद्ध ओमप्रकाश रविवार रात खाना खाने के बाद टहलने के लिए निकले थे।श्मशान घाट रोड स्थित तालाब के पास एक टेंपो में कुछ लोग शराब पी रहे थे। यह देख वृद्ध ने उन्हें टोका। बताया जा रहा है कि वृद्ध के टोकने पर वह भड़क गए। आरोप है कि इस दौरान उन्होंने गालीगलौज करते हुए ओमप्रकाश पर हमला कर दिया। साथ ही बेल्टो से उनकी पिटाई कर दी। जिससे वह घायल हो गए। हालांकि आसपास कुछ लोग भी थे लेकिन कोई भी बचाने का साहस नहीं कर पाया। बाद में वृद्ध के बेहोश होने पर हमलावर फरार हो गए। सूचना मिलने पर परिवार के लोग मौके पर पहुंचे। परिजनों ने उन्हें उपचार को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। बताया जा रहा है कि यह घटना घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई। जिसके बाद सोमवार रात को घटना का वीडियो इंटरनेट मीडिया में वायरल हो गई। इधर थाना ट्रांजिट कैंप पुलिस इस पूरी घटना से अंजान है। एसपी सिटी मनोज कुमार कत्याल का कहना है घटना की जांच कराई जाएगी।

# भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने किया रक्तदान

काशीपुर(उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 74 वें जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने स्थानीय राजकीय चिकित्सालय परिसर स्थित ब्लड बैंक में रक्तदान किया। भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन के नेतृत्व में बड़ी तादात में संगठन के पदाधिकारी व कार्यकर्ता सुबह रामनगर रोड स्थित लक्ष्मण दत्त भट्ट राजकीय चिकित्सालय पहुंच गए। यहां संगठन से जुड़े पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दीर्घायु की कामना करते हुए संगठन को और मजबूत करने का संकल्प लिया। खिलेंद्र चौधरी ने रक्तदान शिविर का फीता काटकर विधिवत उद्घाटन किया। अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने कहा कि देश व प्रदेश कि भाजपा सरकार समाज के अंतिम छोर पर बैठे दलित शोषित वंचित लोगों तक कल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाने के लिए कटिबद्ध है। इंतजार हुसैन ने कहा कि देश और प्रदेश की भाजपा सरकार में विकास का पहिया तेजी से घूम रहा है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में सरकार जनहित से जुड़ी तमाम वैकासिक योजनाओं को धरातल पर लाने की कवायद में है। पीएम मोदी के जन्मदिवस को सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाते हुए अल्पसंख्यक मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने आंगनबाड़ी सेंटरों में जाकर पढ़ने वाले बच्चों को स्टेशनरी का वितरण किया। प्रदेश अध्यक्ष इंतजार हुसैन ने बताया कि सेवा पखवाड़े के अंतर्गत 17 सितंबर विश्वकर्मा पूजा से दो अक्टूबर गांधी जयंती तक स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, अस्पतालों में भर्ती रोगियों को फलों का वितरण व चिकित्सा शिविर आदि विभिन्न कार्यक्रम सतत चलाए जाएंगे। इस मौके पर वरिष्ठ भाजपा नेता गुरविंदर सिंह चंडोक के अलावा अल्पसंख्यक मोर्चा के महानगर उपाध्यक्ष आसिफ खान, मंडल महामंत्री आरिफ हुसैन, मंडल अध्यक्ष फारुख हुसैन, जिला उपाध्यक्ष इब्राहिम शेख, मंडल महामंत्री विपिन अरोड़ा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य शमशाद हुसैन, कार्यकारिणी सदस्य जाकिर हुसैन, जिला सोशल मीडिया प्रभारी अमनजीत सिंह, विक्की साबरी अनवर हुसैन आदि दर्जनों मौजूद रहे।



# ईदे-मिलादुल-नबी पर शान से निकला जलूसे मोहम्मदी

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। ईदे-मिलादुल-नबी पर शहर में मुस्लिम समाज द्वारा शान से जुलूसे मोहम्मदी निकाला गया। इससे पूर्व लाईन नंबर 17-आजाद नगर मुजाहिद चौक पर हजारों की संख्या में अकीदतमंद दुपहिया व चौपहिया वाहनो के साथ इकट्ठा हुए तदुपरांत उल्मायदीन की कध्यादत में जुलूस निकाला गया। जुलूस मुजाहिद चौक से नई बस्ती, इंद्रानगर बड़ी रो, छोटी रोड, गोपाल मंदिर , ताज मस्जिद, लाईन नंबर 16,12 चोरगलिया रो, लाईन नंबर एक, ईदगाह रोड, मीरा मार्ग, नया बाजार, रेलवे बाजार, किदवई नगर होता हुआ वापस मुजाहिद चौक पहुँचा। वहाँ पर इमाम हजरारत शहर इमाम जामा मस्जिद के मो. आजम, हयातुल्ला खान चिराग अली शाह मस्जिद के इमाम ने पैगम्बर हजरत मोहम्मद के जीवन पर प्रकाश डालने के साथ-साथ पूरे देश के आपसी भाई चारे व अमनो अमान के लिए दुआ कराई। जुलूस के दौरान जगह-जगह अकघेदत्त मंदों ने फल, नमकीन, बिस्कुट, खजूर, मिठाई व पानी आदि भी बांटे। बनभूलपुरा थानाध्यक्ष नीरज भाकुनी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सुरक्षा व्यवस्था संभाली हुई थी। इस दौरान विधायक सुमित हृदयेश, ललित जोशी, हाजी नफीज, सौरभ भट्ट आदि भी मौजूद रहे।



# केक काटकर मनाया मोदी का जन्म दिन

गूलरभोज(उद संवाददाता)। रेलवे फाटक के पास शिव मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जन्मदिन केक काटकर बड़ी धूमधाम के साथ मनाया गया और हनुमान चालीसा का पाठ भी किया गया। इस अवसर पर व्यापार मंडल अध्यक्ष



डॉ कुलदीप रघुवंशी, गुरमेल सिंह, संजीव कुमार गुप्ता, महेंद्र पानू, अमित कुमार गुप्ता, राजेश कुमार, हरीश शर्मा, हरीश छाबड़ा, धन सिंह सामंत, हरेंद्र तोमर, लक्ष्मण गिरि, बाबूराम, गणेश भारती आदि उपस्थित थे।

# पेज एक का शेष...

**चुनाव से पहले सीएम ...**करते हो तथा उनका विद्युत भार एक किलोवाट से अधिक ना हो। यहां इस तथ्य का उल्लेख भी आवश्यक है कि उत्तराखंड पावर कॉरपोरेशन बिजली उपभोक्ताओं का विद्युत भार बढ़ाने की योजना पर विचार कर रहा है, जिसके तहत घरों में फ्रिज एवं वाशिंग मशीन का उपयोग करने वाले बिजली उपभोक्ताओं का विद्युत भार भी एक किलो वाट से अधिक कर दिया जाएगा। ऐसे में सरकार द्वारा घोषित इस सब्सिडी का लाभ उत्तराखंड के कितने विद्युत उपभोक्ताओं को मिल पाएगा ? यह अपने आप में एक बड़ा सवाल है।

**वेतन नहीं मिलने पर ..**को लेकर महाप्रबंधक को ज्ञापन भी दिया गया। इस दौरान हरीश पनेरू ने कहा कि वन विकास निगम के कर्मकारों को काम करते हुए सात साल से अधिक का समय हो गया है। वन विकास निगम को उन्हें पक्की नौकरी देनी चाहिए। कार्मिक जंगलों में अपनी जान को खतरे में डाल कर काम करते हैं लेकिन उन्हें न्यूनतम मजदूरी भी नहीं मिल पा रही। पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री पनेरु ने महाप्रबंधक वन विकास निगम से वार्ता कर मांगें शीघ्र पूरा करने का अनुरोध किया ।साथ ही कहा कि शीघ्र इन बेरोजगार युवाओं को वेतन और पक्की नौकरी नहीं दी गयी तो उग्र आंदोलन किया जायेगा। महाप्रबधंक ने विभागीय अधिकारियों से दूरभाष पर हुई वार्ता के बाद इसी माह कर्मकारों को अवशेष बेतन का भुगतान करने का आश्वासन दिया। प्रदर्शन करने वालों में अंकेश कुमार, योगेश सिंह, चंदन सिंह, नंदन सिंह, भगवान सिंह, भुवन कोरी, बबलू गौतम, कुंदन दान, विकास राणा, जगदीश नेगी, सौरभ आर्या, दिवान सिंह, बालम सिंह, लक्ष्मण सिंह, खीम सिंह, विपिन आर्या, हेमंत कुमार, निर्मल जोशी, गणेश, नवीन मेहरा, विनोद राय, चंदन सिंह, खीम सिंह, मुकुल, मनोज सिंह, महेन्द्र चिलवाल, मोहन सिंह, संजय भट्ट, मनदीप सिंह, भगवान सिंह, विक्रम सिंह आदि शामिल थे।

**सूचना नाम परिवर्तन**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि पहले मेरा नाम रूपिन्दर कौर नागपाल (RUPINDER KAUR NAGPAL) था अब मैंने अपना नाम बदलकर रुपिन्दर कौर (RUPINDER KAUR) रख लिया है। भविष्य में अब से हर मौके, विवरण में मेरे नये नाम रूपिन्दर कौर (RUPINDER KAUR) से ही सम्बोधित किया जाए।

रूपिन्दर कौर पत्नी श्री मनविन्दर सिंह चावला, निवासी ग्राम धौलपुर, पोस्ट खानपुर, रूद्रपुर, जिला उधम सिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**नशे में धुत मिले...**रहा है और उसके आस-पास से लोग गुजर रहे हैं। बताया जा रहा है कि सिपाही कुछ समय पहले झनकइया थाने में तैनात था। वायरल वीडियो एसएसपी के संज्ञान में आया तो उन्होंने एसपी सिटी को मामले की जानकारी करने के निर्देश दिए। एसपी सिटी मनोज कत्याल ने बताया कि वीडियो का संज्ञान लिया गया है। इसमें दिख रहा सिपाही पुलिस लाइन में तैनात जितेंद्र कुमार है। वह आठ सितंबर से अनुपस्थित चल रहा है। वीडियो में उसकी जो स्थिति दिख रही है, उसके बाबत उससे जवाब तलब किया जाएगा। पुलिस लाइन से उसकी अनुपस्थिति के बारे में भी रिपोर्ट बनाई जा रही है। एसएसपी ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अनुशासनहीनता, ड्यूटी पर लापरवाही और पुलिस की छवि धूमिल करने पर सिपाही को सस्पेंड कर दिया है।

**९० लाख की स्मैक...**टीम में एएनटीएफ के निरीक्षक पावन स्वरुप,उप निरीक्षक विपिन चंद्र जोशी,उप निरीक्षक विनोद चंद्र जोशी , एएसआई जगवीर शरण,आरक्षी वीरेंद्र चौहान,आरक्षी इसरार अहमद, थाना किच्छा पुलिस के उपनिरीक्षक दीवान सिंह बिष्ट,आरक्षी उमेश सिंह,आरक्षी उम्मेद गिरी आदि शामिल रहे।

**मौलवी के खिलाफ...**अंसारी, मुख्तयार.आजम,रियाजुद्दीन, मौ0 हुसैन उर्फ बाबू,तैय्यब, इन्तखाब शाहिद सहित करीब 10-15 लोग लाठी डण्डे और धारदार हथियारों से लैस होकर घर में घुस आये और जान से मारने की नियत से पत्नी आरिफा,भाई नवी हसन व भाभी आयशा, भतीजा मोहसिन के सिर पर वार कर उन्हें गम्भीर रुप से घायल कर दिया । परिवार के अन्य लोगों के साथ भी मारपीट गाली गलौज की गयी। इसी बीच स्थानीय लोगों ने बीच बचाव किया तो उक्त लोग जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गये। घायल आरिफा , नवी हसन व आयशा और मोहसिन को अस्पताल भर्ती कराया गया है। पुलिस ने हमलावरों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**सूचना**

सूचित किया जात है कि दिनांक 17 सितम्बर 2024 को विश्वकर्मा दिवस के उपलक्ष्य में कार्यालय में अवकाश रहा। जिस कारण समाचार पत्र प्रकाशित नहीं हुआ । पाठकों को हुई असुविधा के लिए हमें खेद है।

-सम्पादक

**कांग्रेसियों ने फूंका.**कार्यवाही की जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि संजय गायकवाड़ और रवनीत सिंह बिट्टू सहित भाजपा के अन्य नेताओं का बयान घृणित राजनीति का उदाहरण है और यह कानून के खिलाफ है। उन्होंने कहा कि दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया जाए ताकि भविष्य में कोई भी इस तरह के अनर्गल बयान न दे सके। इस अवसर पर सीपी शर्मा,, सतीश कुमार, अर्जुन विश्वास, रामकृष्ण सैनी, ममता रानी, इरदीश गोला, ज्योति टम्टा, बाबू विश्वकर्मा, सिद्धार्थ, काजल गंगवार, आधार श्रीवास्तव, काजल चौहान, शीला चौधरी, सुमन, पंकज, आसमा, रजनी यादव, रोहित चौहान, संजीत राठौर, लवी कुमार आदि थे।

**ई रिक्शा और...**दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने ई रिक्शा को थाने ले आई थानाध्यक्ष जसवीर सिंह चौहान ने बताया बताया कि मृतक युवक के परिजनों की ओर से अभी कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद प्राथमिक की दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# राज्य स्तरीय ओलंपिक की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। जनपद में 20 सितम्बर से 27 सितम्बर तक आयोजित होने वाले 5वां राज्य स्तरीय ओलम्पिक 2024 की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी उदय राज सिंह ने ओलम्पिक संघ व अधिकारियों के साथ प्रात: स्पोर्ट स्टेडियम का निरीक्षण कर सभी व्यवस्थाएं चाक चौबन्द करने के निर्देश दिये। जिलाधिकारी ने स्पोर्ट स्टेडियम के निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता खेल विभाग व जिला क्रीड़ा अधिकारी को खेल मैदान व बहुद्देशीय भवनों की साफ-सफाई करते हुए खिलाड़ियों के अनुकूल बनाये ताकि खिलाड़ियो को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो, और वे अपना बेहतर प्रदर्शन कर सकें। उन्होने अधिशासी अभियंता को निर्देश दिये कि बहुद्देशीय भवन में खिलाड़ियों के रहने हेतु कमरो व शौचालयों की साफ-सफाई कराने के साथ ही मोबाईल शौचालय रखने के भी निर्देश दिये। उन्होने कहा कि स्टेडियम में लगभग 700 खिलाड़ियों के प्रवास की व्यवस्था करने के निर्देश दिये। उन्होने





ग्राउंड के चारो ओर जल भराव न हो इसके लिए जल निकासी व्यवस्था के साथ ही कंकड़ मिट्टी भरान करने के निर्देश भी दिये। जिलाधिकारी ने निरीक्षण के दौरान खेल अधिकारी, युवा कल्याण अधिकारी को निर्देश दिये कि खिलाड़ियो के रहने की व्यवस्था जिन-जिन स्थानों पर की गई है वहां बिजली, पानी, शौचालय, बिस्तर आदि की सभी व्यवस्था ससमय सुनिश्चित करें। उन्होने जिला पूर्ति अधिकारी को खिलाड़ियों के लिए गुणवत्तायुक्त भोजन, शुद्ध पेयजल आदि की व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने के निर्देश मौके पर दिये। उन्होने नगर उपायुक्त को खिलाड़ियों के लिए एक साफ-सुथरा परिवेश बनाये रखने के लिए पर्याप्त पर्यावरण मित्रों की तैनाती करने के निर्देश दिये साथ ही कहा कि खेल के मैदान व खिलाडियों के आवास पर आवश्यकतानुसार पानी के टैंकर, मोबाईल टॉइलेट आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें।जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि खिलाड़ियों के लिए खेल के मैदान एवं उनके आवासीय परिसर में स्वास्थ्य विभाग की टीम आवश्यक दवाईयां एवं उपकरणों, ऐम्बुलेन्स आदि की व्यवस्था करना सुनिश्चित करें। उन्होने सुरक्षा की दृष्टि से स्टेडियम में पर्याप्त सुरक्षा बल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही महिला खिलाड़ी के रूकने के स्थानों पर महिला पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश पुलिस को दिये।राज्य ओलम्पिक एसो0 महासचिव डीके सिंह व प्रभारी अध्यक्ष महेश नेगी ने बताया कि 5वां राज्य स्तरीय ओलम्पिक 2024 में लगभग 33 खेल प्रतियोगिताएं विभिन्न स्थानों पर आयोजित होगी, सभी स्थानों पर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही है। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी मनीष बिष्ट, ओसी गौरव पाण्डेय, नगर उपायुक्त शिप्रा जोशी, जिलापूर्ति अधिकारी विपिन कुमार, जिला क्रीड़ाधिकारी जानकी कार्की, जिला युवा कल्याण अधिकारी बीएस रावत, अधिशासी अभियंता सिंचाई पीसी पाण्डे, फिजियों थैरेपिस्ट डॉ नितिका पाण्डे, नागेन्द्र शर्मा सहित सम्बन्धित अधिकारी मौजूद थे।

## पीएम आवास योजना के 568 लाभार्थियों का सपना हुआ पूरा: भट्ट

हल्द्वानी (उद संवाददाता) ।सांसद एवं पूर्व केन्द्र मंत्री अजय भट्ट ने मंगलवार को ब्लॉक कार्यालय में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण संचालन योजना के अर्न्तगत गृह प्रवेश कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। श्री भट्ट ने बधाई देते हुए कहा किप्रधानमंत्री के जन्म दिवस के अवसर पर आज पूरे देश में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत जो झुग्गी झोपडी में रहने वाले परिवारों का आज सपना पूरा हुआ है। उन्होंने कहा जनपद में इस कार्यक्रम के तहत 695 प्रधानमंत्री आवास स्वीकृत है जबकि 568 आवास की चाबी इस कार्यक्रम के माध्यम से लाभार्थियों को सौप दी गई है। उन्होंने कहा कि 1 लाख 75 हजार परिवारों को प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के अन्तर्गत निर्मित पक्के घर पूरे भारत में सौंपे गये है। उन्होंने कहा प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के अंतर्गत बनाए जा रहे घरों के निर्माण में तकरीबन 125 दिनों का समय लगता है



लेकिन कोरोना काल में यह रिकॉर्ड 45 से 60 दिनों की अवधि में तैयार हुए हैं। उन्होंने कहा कि प्रवासी मजदूरों ने अपने गांव में वापस आकर ना केवल अपने परिवारों का पूरा ख्याल रखा बल्कि प्रधनमंत्री गरीब कल्याण रोजगार अभियान का पूरा लाभ उठाते हुए अपने गरीब भाइयों के लिए घर बनाने का काम भी किया। उन्होंने कहा आज से 2 अक्टूबर 2024 तक स्वच्छता पखवडा दिवस के रूप में मनाया जायेगा। स्वच्छता की तरफ बढाया गया कदम पूरे भारत देश को स्वच्छ बनाने में मदद करेगा। इस दौरान सांसद निधि से ब्लाक कार्यालय हल्द्वानी में सौन्दर्यकरण हेतु 5 लाख की धनराशि की घोषणा की। कार्यक्रम में अध्यक्ष जिला पंचायत बेला तोलिया, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, निर्वतमान मेयर डॉ. जोगेन्द्र सिंह रौतेला, ब्लाक प्रमुख रूपा देवी, रंजन बर्गली, दीपक पाण्डे, सासद प्रतिनिधि लक्ष्मण खाती, कमलेश जोशी, नवीन भट्ट, भुवन प्रसाद के साथ जिला विकास अधिकारी गोपाल गिरी गोस्वामी, खण्ड विकास अधिकारी आरसी जोशी आदि मौजूद रहे।

## रूद्रपुर में विशाल बालाजी दरबार एवं श्याम संकीर्तन 29 सितम्बर को

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बाबा भक्त मण्डल रूद्रपुर की ओर से तृतीय श्री बालाजी दरबार एवं श्री श्याम संकीर्तन का आयोजन आगामी 29 सितम्बर को सुविधा होटल के पास आदर्श कालोनी में किया जायेगा। जानकारी देते हुए बाबा भक्त मण्डल के अध्यक्ष विक्की मुंजाल ने बताया कि भव्य श्री बालाजी दरबार एवं संकीर्तन 29 सितम्बर को शाम सात बजे शुरू होगा। इस दौरान विशाल भण्डारा भी आयोजित किया जायेगा। दरबार में श्री बालाजी महाराज और श्याम बाबा का



आलोकिक श्रृंगार करने के साथ ही भव्य दरबार, छप्पन भोग और फूलों की होली भी आकर्षण का केन्द्र रहेगी। दरबार में फतेहाबाद की मशहूर भजन गायिका मोना मेहता और आगरा के मशहूर भजन गायक राजू बावरा सुंदर भजनों की प्रस्तुति देंगे। दरबार की तैयारियां जोर शोर से की जा रही है। विक्की मुंजाल ने सभी बाबा भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में संकीर्तन में पहुंचने की अपील की है।

# धामी के जन्म दिन पर चिकित्सा एवं रक्तदान शिविर आयोजित







रूद्रपुर (उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के 49 में जन्मदिन के अवसर पर श्री नीलकंठ धाम चैरिटेबल शैलजा ट्रस्ट गंगापुर रोड में भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजित किया। जिसमें लगभग 40 लोगों ने रक्तदान किया और सैकड़ो लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। कई लोगों ने अपने नेत्रों का प्रशिक्षण कराया कई लोगों ने आयुष्मान कार्ड भी बनवाया। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने कहा कि किस प्रकार से उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नकल विरोधी कानून, कॉमन सिविल कोड महिलाओं को नौकरी में 30% आरक्षण उत्तराखंड आंदोलनकारी को 10% आरक्षण और उत्तराखंड में इन्वेस्टर सबमिट के माध्यम से जिस प्रकार से इतना बड़ा उद्योग लाने का प्रयास किया है वह बधाई के पात्र है और जैसे वह धाकड़ काम कर रहे हैं इसलिए उनकी छवि भी धाकड़ धामी वाली बनी है। प्रदेश विकास शर्मा ने कहा कि महादेव से विनती करते हैं कि उन्हें दीर्घायु रखें स्वस्थ रखें ऐसे ही उत्तराखंड की सेवा करते रहे। इस दौरान महिला मंडली द्वारा भजन कीर्तन करके उनके दीर्घायु एवं स्वस्थ होने की कामना भी की गई। कार्यक्रम में विधायक शिव अरोड़ा, राज्य मंत्री उत्तम दत्ता,प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अनिल चौहान, रश्मि रस्तोगी, सुरेश कोली, तरुण दत्ता, राकेश सिंह, के के दास, स्वाति तिवारी, शालिनी बोरा, मुकेश वशिष्ठ, धर्म सिंह कोली, सुनील ठुकराल, जतिन साहनी, ममता जीना, ममता त्रिपाठी, रेनू जुनेजा, रेणु देवी, मुकेश वशिष्ठ, संजीव शर्मा, नितिन कौशिक, राहुल भारद्वाज, हरवेश मनोचा, सचिन खुराना, संदीप मनोचा, ललित नारायण, नरेंद्र राठौड़, विवेक दीप सिंह, संदीप तिवारी, मुकेश शर्मा, अर्जित राठी, देव मेनन शर्मा, महेंद्र पोपली, अनुज शर्मा, अनुज पाठक, समीर, सचिन शर्मा, मनीष मित्तल, रवि अग्रवाल, फरजाना बेगम, श्वेता मिश्रा, हरिओम शर्मा, सुनील शर्मा, धीरू त्रिपाठी, प्रमोद शर्मा, बिट्टू शर्मा, भुवन गुप्ता, बबलू सागर, दिलजोत बाजवा, हिमांशु शुक्ला, मानस जयसवाल, उपेंद्र चौधरी, मनोज मदान, प्रीत ग्रोवर आदि मौजूद थे।

